

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 19 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -13 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-321 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 फरवरी 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जवान ने की खुदकुशी

**दंतेवाड़ा,19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से बड़ी खबर सामने आई है. सीआरपीएफ के जवान ने अपने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है. बताया जा रहा है कि बारसूर स्थित 195 हेड क्वार्टर में जवान पदस्थ था. आत्महत्या करने का कारण अज्ञात बताए जा रहे है. जवान गुनीद दास शनिवार को ही अपने ग्रह ग्राम से छुट्टी से लौटा था. बताया जा रहा है कि मृतक जवान असम का रहने वाला था. दंतेवाड़ा एडिशनल एसपी आरके बर्मन ने पुष्टि की है. बारसूर से रायपुर एअरलिफ्ट करते समय रास्ते में ही जवान ने दम तोड़ दिया. बारसूर थाना क्षेत्र का मामला है.

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष और उनके परिवार पर हमला,2 बंदी

**रायगढ़,19 फरवरी।** महाशिवरात्रि में दर्शन करने के बाद भाजयुमो जिला अध्यक्ष विनायक पटनायक अपने परिवार के साथ गांव जा रहे थे, तभी बंगुरसिया गांव के पास अज्ञात असामाजिक तत्वों ने उनकी गाड़ी पर पथराव कर दिया. बड़ी मुश्किल से वे अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार कर मौके से भागे और सूचना पुलिस को दी. रायगढ़ पुलिस ने भी सूचना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की. घेराबंदी कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया. उनसे पूछताछ जारी है. भाजयुमो जिला अध्यक्ष के परिवार पर जानलेवा हमला की खबर पाते ही पुलिस त्वरित हरकत में आई. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में तत्काल घेराबंदी कर चंद लम्हों में भाजयुमो जिला अध्यक्ष की गाड़ी में पथराव करने वाले असामाजिक तत्वों के 2 आरोपियों को पकड़ लिया. दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है. प्रथम दृष्टया में मामला लूटपाट का नजर आता है. पुलिस का कहना है कि वह कड़ाई से आरोपियों से पूछताछ कर रही है. पूछताछ के पश्चात ही मामले का विस्तृत खुलासा किया जाएगा

### आंध्र प्रदेश में सड़क हादसे में पांच की मौत

**अमरावती 19 फरवरी, ।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा बापतला जिले में हाईवे पर मेदारमेटला बाईपास पर सड़क डिवाइडर से टकराकर कार के पलटने से हुआ। इसके बाद कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी।मृतकों में पुलिस उपनिरीक्षक शेख समंदर वली की पत्नी और बेटी शामिल हैं।पुलिस के मुताबिक, कार ओंगोल से गुंटूर की ओर जा रही थी। वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। कार पलट कर सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी।कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, चित्रागंजम के तिरुनाला में ड्यूटी पर जाने के दौरान एसआई वली अपनी पत्नी, बेटी और पड़ोसी परिवार की दो महिलाओं को अपने साथ ले गए थे। एक शिव मंदिर में दर्शन के बाद, एसआई ने कार चालक से उन्हें वापस अडांकी छोड़ने के लिए कहा।

### कश्मीर घाटी में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना

**श्रीनगर 19 फरवरी, ।** जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहे और मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने रविवार को कहा कि कश्मीर घाटी में बारिश व बर्फबारी हो सकती है।

## राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां अंतिम चरण में

**रायपुर,19 फरवरी।**



छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में होने वाले कांग्रेस के 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है। मेहमानों की संख्या 13 हजार से अधिक होने की संभावना को देखते हुए होटल के छह हजार कमरों, हाउसिंग बोर्ड के चार हजार फ्लैट्स बुक किए जाने के बाद अब आवासीय कॉलोनियों में भी मकान की खोज की जा रही है। दूसरे प्रदेशों से आने वाले नेताओं की संख्या को देखते हुए यह तैयारी की गई है। वहीं मुख्य अधिवेशन स्थल पर लंबा-चौड़ा स्टेज तैयार किया जा रहा है जिसमें ढाई सौ लोग आसानी से बैठ सकेंगे। अधिवेशन स्थल पर तैयार किया जा रहा डोम पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। जानकारी के मुताबिक मुख्य स्टेज के पीछे हाल तैयार किया जा रहा है जिसमें 150 नेताओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं वरिष्ठ नेताओं के आराम करने के लिए, अलग से स्थान भी तैयार किया जा रहा है। मुख्य स्टेज के पीछे मीडिया टीम का कैंप होगा जिसका नेतृत्व जयराम रमेश करेंगे। इसी से लगे कमरे में सुप्रिया श्रीनेत सोशल मीडिया की वार रुम की कमान संभालेंगी। अधिवेशन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा रविवार शाम को रायपुर पहुंचेंगी। रायपुर पहुंचते ही वो नवा रायपुर के अधिवेशन स्थल का दौरा करेंगी। वहीं प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल 21 फरवरी को सुबह रायपुर पहुंचेंगे। अधिवेशन स्थल का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। महाअधिवेशन की के लिए वीआईपी रोड से कार्यक्रम स्थल तक पूरी सड़क को होर्डिंग और कटआउट से पाट दिया गया है। रायपुर के मेयर एजाज ढेबर ने सड़क के दोनों ओर राष्ट्रीय नेताओं के स्वागत में होर्डिंग्स और कटआउट लगवाए हैं।एआईसीसी ने महाधिवेशन की तैयारियों के लिए पीसीसी के साथ समन्वय के लिए आठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। ये सभी एआईसीसी में सचिव और संयुक्त सचिव हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के दस्तखत से जारी आदेश में जिन आठ नेताओं को नियुक्त किया गया है। इसमें पूर्व क्रिकेटर चेतन चौहान, हिमाचल के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार गोकुल बुटेल, हर्षवर्धन सपकल, काजी निजामुद्दीन, धीरज गुर्जर, बीएम संदीप, मनोज यादव और नवीन शर्मा शामिल हैं।परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में अधिवेशन के लिये गठित परिवहन समिति की बैठक शनिवार को हुई। इसमें देश भर से आने वाले प्रतिनिधियों के लिये वाहन सुविधा उपलब्ध के बारे में बातचीत की गई। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर वॉलंटियर तैनात रहेंगे। तीन दिनों तक अधिवेशन स्थल लाने-ले जाने के लिये व्यापक तैयारी की जा रही है।




## भारत ने दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के अबतक 4 विकेट गिर गए हैं. क्रीज पर पुजारा और केएस भरत मौजूद हैं. भारत को जीत के लिए 115 रनों का लक्ष्य मिला है.. लंच से पहले भारत को पहला झटका केएल राहुल के रूप में लगा था. (भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया) केएल राहुल (1) रन बनाकर आउट हुए थे. इससे पहले तीसरे दिन भारतीय स्पिनर अश्विन और जडेजा ने कमाल की गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 113 रनों पर ढेर कर दिया. जडेजा ने 7 विकेट तो वहीं अश्विन ने 3 विकेट लिए. ऑस्ट्रेलिया को 114 रनों की बढ़त मिली जिससे अब भारत को जीत के लिए 115 रनों का टारगेट मिला है. भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर धमाकेदार जीत दर्ज की, 4 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त भी बना ली है. भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 31 रन की तूफानी पारी खेली जिसने मैच का पासा पलक झपकते ही पलट कर रख दिया था. इसके बाद कोहली और पुजारा ने शानदार बल्लेबाजी कर भारत को जीत दिला दी.

चक्काजाम करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज

## मैं भी था शामिल, हिम्मत है तो मुझे भी गिरफ्तार करके बताएं : मूणत

**रायपुर,19 फरवरी।** बिना अनुमति लिए भाजपा को प्रदर्शन करना भारी पड़ गया है. चक्काजाम करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं पर राज्य भर में बलवा का केस दर्ज किया गया है. रायपुर, बिलासपुर से लेकर बस्तर तक अलग-अलग थानों में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है. वहीं एफआईआर दर्ज करने को लेकर पूर्व मंत्री मूणत ने भड़कते हुए कहा है कि, कांग्रेस सरकार को चुनौती देता हूं, कहा मैं भी चक्काजाम में शामिल था. हिम्मत है तो मुझे भी गिरफ्तार करके बताएं. भाजपा को दबाने की कोशिश की तो कार्यकर्ता सड़कों पर आ जाएंगे. वहीं बीजेपी नेताओं पर हुए एफआईआर को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, राज्य में लोकतंत्र की हत्या हो रही है. राज्य अपराध का गढ़ बन गया है. लोकतांत्रिक तरीके से पार्टी के नेताओं ने आंदोलन किया तो उन पर एफआईआर दर्ज की गई. लेकिन बीजेपी छत्तीसगढ़ के जनता के हित की लड़ाई लड़ेगी.

वहीं भाजपा नेताओं के बयान पर पलटवार करते हुए पीसीसी चीफ मरकाम ने कहा, लोकतंत्र का गला घोटने का काम बीजेपी ने बीते 15 सालों में किया. बीजेपी के कार्यकाल के समय में छोटे प्रदर्शनों में भी कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज हो जाती थी. मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है. भारतीय जनता पार्टी को अपनी केंद्र की सरकार को देखना चाहिए,केंद्र की सरकार तानाशाह रवैया अपनाती है. बता दें कि, 17 फरवरी को भाजपा ने बीजेपी के 4 पदाधिकारियों के हत्या करने के विरोध में प्रदेश भर के 78 विधानसभा में चक्काजाम प्रदर्शन किया था. इस प्रदर्शन का नेतृत्व बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने किया था. वहीं अब भाजपा के प्रदर्शन के बाद रायपुर के 10 थानों में100 से ज्यादा भाजपाई के खिलाफ मामला दर्ज किए गए हैं. जिनमें 59 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज है. बिलासपुर के अलग-अलग तीन थानों में केस दर्ज किए गए हैं. भिलाई में 5 थानों में भिलाई और दुर्ग के जिलाध्यक्षों समेत 450 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. वहीं बस्तर में भी 200 भाजपाइयों के खिलाफ 9 थानों में धारा 147,341 के तहत मामला दर्ज किया गया.

## हमने कभी भाजपा के साथ समझौता नहीं किया : जयराम रमेश

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** देश में अगले आम चुनाव को लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बड़ा बयान दिया था. नीतीश कुमार ने कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस को आगे आना चाहिए और विपक्षी एकजुटता में देरी नहीं करनी चाहिए. नीतीश के इस बयान पर अब कांग्रेस की तरफ से भी संदेश आ गया है.

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा है कि विपक्ष की एकता जरूरी है. इस एकता के लिए ही कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी. हम अपनी भूमिका अच्छी तरह से जानते हैं. कांग्रेस एक मात्र पार्टी है, जिसने कभी बीजेपी से समझौता नहीं किया. हमारा एक ही चेहरा है और हम भाजपा के सामने हैं. विपक्षी एकता के सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सभी पार्टियों को न्योता दिया गया था. यात्रा के बाद परिवर्तन देखने को मिला है. अब इस यात्रा को लेकर ही अधिवेशन हो रहा है. उन्होंने आगे कहा कि मजबूत कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं है. कई राज्यों में कांग्रेस गठबंधन में है. इस मुद्दे पर केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विपक्ष को एक साथ लाकर इसे भाजपा के खिलाफ एक साझा लड़ाई बनाने की पहल की है. कांग्रेस ने नीतीश कुमार के बयान का स्वागत किया है. हमारा काम बीजेपी की सीटें कम करना है. अधिवेशन के बारे में बताते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि रायपुर में 24 फरवरी से 85वां पूर्ण सत्र होने जा रहा है. इस सत्र में विचार-विमर्श होगा जैसा कि उदयपुर में हुआ था. उदयपुर में हमने आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की थी. यह 2024 की हमारी यात्रा की दिशा में महत्वपूर्ण सत्र है. इसमें 15 हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे. बता दें कि पिछला अधिवेशन सोनिया गांधी के नेतृत्व में हैदराबाद में हुआ था. वेणुगोपाल ने कहा कि इस अधिवेशन में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कार्यकर्ता भी शामिल होंगे. 24 फरवरी को सुबह संचालन समिति की बैठक के साथ सत्र की शुरुआत होगी. 25 फरवरी की सुबह असली पूर्ण सत्र 9.30 बजे से शुरू होगा. 24 की सुबह संचालन समिति द्वारा पूर्ण सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाएगा.उन्होंने आगे कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के सफल समापन के बाद यह प्लेनरी हो रही है. इससे आम कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा पैदा हुई है. भारत जोड़ो यात्रा ने स्पष्ट दिशा दी है कि कैसे हम महत्वपूर्ण मुद्दों को सार्वजनिक क्षेत्र में उठा सकते हैं. तानाशाही सरकार को देश देख रहा है. वो लोग देश में विपक्षी आवाजों को कुचलना चाहते हैं.

### नाबालिग को आजा-आजा कहना यौन उत्पीड़न, कोर्ट ने युवक को ठहराया दोषी

**मुंबई 19 फरवरी।** मुंबई की एक अदालत ने 32 वर्षीय युवक को पॉक्सो एक्ट के तहत एक नाबालिग के यौन उत्पीड़न का दोषी पाया है। आरोप है कि युवक ने नाबालिग लड़की को आजा-आजा कह कर बुलाया था। मुंबई के दिनदोशी में एक सेशंस कोर्ट ने इसे यौन उत्पीड़न का मामला मानते हुए युवक को दोषी करार दिया। बताया गया है कि जिस मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है, वह सितंबर 2015 का है। तब पीड़िता 15 साल की थी और 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। पीड़िता ने कोर्ट में बताया था कि जब वह ट्यूशन जा रही थी, तब एक व्यक्ति ने साइकिल से उसका पीछा किया था।

## केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा देने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली,19 फरवरी।** केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार होली से पहले बड़ा तोहफा दे सकती है. खबर है कि सरकार आने वाले 15 दिनों में केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते पर बड़ा फैसला ले सकती है. केंद्रीय कर्मचारी अपने डीए में बढ़ोतरी का इंतजार कर रहे हैं. माना जा रहा है कि एक मार्च को होने वाली कैबिनेट की बैठक में सरकार डीए में बढ़ोतरी पर फैसला ले सकती है. हालांकि, अभी इस पर किसी भी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. अगर सरकार डीए में इजाफा का ऐलान करती है, तो कर्मचारियों को जनवरी-फरवरी का एरियर भी मिलेगा. कर्मचारी संगठन 4 फीसदी DA/DR Hike की आस लगाए हैं. अगर ऐसा होता है तो उनका महंगाई भत्ता 38 फीसदी से बढ़कर 42 फीसदी हो जाएगा और केंद्रीय कर्मियों की सैलरी बंपर बढ़ोतरी देखने को मिलेगी. अगर सरकार होली से पहले महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का फैसला लेती है, तो फिर इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 63 लाख पेंशनर्स को होगा. बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा डीए/डीआर में सालाना जनवरी की शुरुआत से जुलाई महीने के अंत तक बढ़ोतरी करने का नियम रहा है. हालांकि, बीते कुछ वर्षों में इसमें देरी देखने को मिली है. पिछले साल सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में चार फीसदी का इजाफा किया था. इस बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों का डीए 34 फीसदी से बढ़कर 38 फीसदी हो गया था. अगर सैलरी के हिसाब से देखें तो यदि किसी केंद्रीय कर्मचारी का बेसिक-पे 1,8000 रुपये है, तो 38 फीसदी के हिसाब से 6,840 रुपये का महंगाई भत्ता बनता है.

## 11 बच्चे पैदा होने के बाद महिला ने कराई नसबंदी तो पति ने छोड़ा

**भुवनेश्वर,19 फरवरी।** एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को 10 बच्चों के साथ यह कहकर घर से बाहर निकाल दिया कि वह अशुद्ध हो गई है क्योंकि उसने नसबंदी कराई है। मामला ओडिशा के क्?योंझर जिले का बताया जा रहा है। यहां हर साल एक बच्चे को जन्म देने के बाद थक चुकी महिला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी कराई थी। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले उसके पति ने 11 साल पहले पहली पत्नी की मृत्यु के बाद इस महिला से शादी रचाई थी। जानकी ने 11 साल में एक मृत बच्चे समेत 11 बच्चों को जन्म दिया था। ओडिशा के क्योंझर जिले के तेलकोई प्रखंड के सलीकेना ग्राम पंचायत के डिमिरिया गांव की भुइयां आदिवासी रबी देहुरी से शादी के बाद से हर साल एक बच्चे को जन्म देने से थक चुकी जानकी देहुरी ने मंगलवार को तेलकोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी कराई। दिहाड़ी मजदूर रबी ने 11 साल पहले अपनी पहली पत्नी की मौत के बाद जानकी से शादी की थी। जानकी ने एक मृत बच्चे समेत 11 साल में 11 बच्चों को जन्म दिया था। शादी के बाद जानकी हर साल एक बच्चे को जन्म देती रहीं जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। स्थानीय आशा कार्यकर्ता बिजयलक्ष्मी बिस्वाल के कहने पर जानकी परिवार नियोजन शिविर में नसबंदी कराने को तैयार हुई। लेकिन जैसे ही वह घर लौटी, गुस्से में रबी ने उस पर अपवित्र होने का आरोप लगाकर उसे घर से भगा दिया। आशा कार्यकर्ता ने कहा, ÷उसने अपनी पत्नी से कहा कि उसने परिवार का नाम खराब कर दिया है और पूर्वजों के लिए श्राद्ध करने के लिए अयोग्य हो गई है। बुधवार से जानकी और उसके 10 बच्चे घर के बाहर एक मांग के पेड़ के नीचे रह रही है, क्योंकि रबी उसे घर में प्रवेश नहीं दे रहा है। हमने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने हम पर टीर चलाने की धमकी दी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-4 (2015-2016) की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि ओडिशा ने कुल प्रजनन दर लक्ष्य 2.1 हासिल कर लिया है, लेकिन आदिवासियों के बीच यह दर 2.5 है। अधिकांश आदिवासी कम उम्र में शादी कर लेते हैं और गर्भनिरोधक का बहुत कम उपयोग करते हैं जिससे कम उम्र में बच्चे पैदा हो जाते हैं।

## शाह ने शिवसेना को लेकर निर्वाचन आयोग के फैसले का स्वागत किया

**पुणे,19 फरवरी।** निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को वास्तविक शिवसेना घोषित करने के बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि आयोग के इस फैसले से 'दूध का दूध और पानी का पानी हो गया।' किताब 'मोदीड20' के मराठी संस्करण के विमोचन के मौके पर उद्धव ठाकरे का नाम लिए बगैर शाह ने यह भी दोहराया कि 2019 के विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद साझा करने पर कोई सहमति नहीं बनी थी। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के बाद शिवसेना ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया था। शाह ने मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में कहा, ''कल निर्वाचन आयोग ने 'दूध का दूध, पानी का पानी' कर दिया। कल ही 'सत्यमेव जयते' के सूत्र को चरितार्थ किया गया है।'' निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को 'शिवसेना' नाम और उसका चुनाव चिह्न 'तीर-कमान' आवंटित किया। इसे उद्धव ठाकरे के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। शाह ने ठाकरे का नाम लिये बगैर कहा, ''जो लोग झूठ का सहारा लेकर चिल्लाते थे, आज उन्हें पता चल गया है कि सच्चाई किसके पक्ष में है।



## चुनाव निशान को 'खरीदने' के लिए 2000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ : संजय राउत

**मुंबई,19फरवरी।** शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि शिवसेना पार्टी के नाम एवं निशान 'तीर-धनुष' को ''खरीदने'' के लिए अब तक ''2000 करोड़ रुपये का सौदा'' हुआ है। हालांकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े के विधायक सदा सर्वांकर ने इस दावे का खंडन किया और सवाल किया, ''क्या संजय राउत खजांची हैं।'' राउत ने एक ट्वीट में दावा किया कि 2000 करोड़ रुपये का शुरुआती आंकड़ा है और यह बात शत-प्रतिशत सच्ची है। उन्होंने संवाददाताओं से यह भी कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के करीबी एक बिल्डर ने उन्हें यह बात बताई है।

राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि उनके दावे के पक्ष में सबूत हैं जिसे वह शीघ्र ही सामने लायेंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को एकनाथ धड़े को असली शिवसेना की मान्यता दी थी और उसे चुनाव निशान 'तीर-धनुष' आवंटित करने का आदेश दिया था। पार्टी संगठन पर काबिज होने को लेकर चले लंबे संघर्ष पर 78 पन्नों के अपने आदेश में निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे धड़े को उसे आवंटित किया गया चुनाव निशान 'जलती मशाल' महाराष्ट्र में



विधानसभा उपचुनाव होने तक रखने की अनुमति दी। राउत ने रविवार को कहा कि 2000 करोड़ रुपये शिवसेना का नाम ''खरीदने'' के लिए कोई छोटी रकम नहीं है। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग का फैसला एक सौदा है।'' राउत ने ट्वीट किया, ''मुझे पक्की सूचना मिली है कि शिवसेना का नाम एवं पहचान पाने के लिए 2000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ। यह शुरुआती आंकड़ा है तथा शत-प्रतिशत सच्ची बात है। कई बातें शीघ्र ही सामने लायी जाएंगी। इस देश के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ।'' उनसे जब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस परोक्ष बयान के बारे में पूछा गया कि कुछ लोग ''विरोधी विचारधारा वालों के तलवे चाट रहे थे'', तब राउत ने कहा, ''वर्तमान मुख्यमंत्री क्या चाट रहे हैं? शाह क्या कहते हैं, महाराष्ट्र के लोग उसे (उस बात को) भाव नहीं देते? वर्तमान मुख्यमंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम लेने का अधिकार नहीं है।''

शाह ने शनिवार को कहा था कि जिन लोगों ने विरोधी विचारधारा के लोगों के ''तलवे चाटना'' पसंद किया था, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के धड़े को असली शिवसेना घोषित किए जाने और उसे 'तीर-धनुष' चुनाव निशान दिए जाने के बाद पता चल गया है कि सत्य किधर है। उद्धव ठाकरे का नाम लिए बगैर शाह ने फिर कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का पद साझा करने की कोई सहमति नहीं हुई थी। शिवसेना ने 2019 के विधानसभा चुनाव का परिणाम सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ लिया था। इसने मुख्यमंत्री पद साझा करने के वादे से भाजपा के पीछे हट जाने का दावा किया था। बाद में उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) एवं कांग्रेस के साथ गठजोड़ कर महाराष्ट्र विकास आघाड़ी गठबंधन बनाया था जिसने शिंदे के बगावत करने से पहले तक जून 2022 तक महाराष्ट्र में शासन किया।

### शिवाजी की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली 19 फरवरी, ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोदी ने ट्वीट किया, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देता हूं। उनका साहस और सुशासन पर बल हमें प्रेरित करता है।

उन्होंने छत्रपति शिवाजी को श्रद्धांजलि देते हुए एक ऑडियो और वीडियो असेंबल भी टैग किया।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी इस मौके पर मराठा शासक को श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस नेता ने हिंदी में ट्वीट किया, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें प्रणाम करता हूं। वह शौर्य और पराक्रम के प्रतीक थे।

**समाचार संक्षेप**

## पीएम आवास के उत्कृष्ट निर्माण पर सहसपुर लोहारा के शेख कलीम को मिला प्रथम पुरस्कार




**कवर्धा19 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये मकान में उत्कृष्ट निर्माण पर कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा नगर पंचायत ने अपनी सफलता के झण्डे गाड़े हैं। लोहारा के शेख कलीम को छत्तीसगढ़ प्रदेश में मकान के उत्कृष्ट निर्माण के लिये प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शेख कलीम ने राजधानी रायपुर में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित गौरव समागम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें पुरस्कार स्वरूप रूपये 25 हजार की चेक राशि सौंपी। मुख्यमंत्री से प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात शेख कलीम सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती अनारा बाई साहू, उपाध्यक्ष अजय यादव तथा समाजिक कार्यकर्ता मुखी राम साहू के साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तथा कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के राजधानी रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय पहुंचे तथा उन्हें पुरस्कार में मिली चेक राशि दिखाई। कैबिनेट मंत्री ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले शेख कलीम, सहसपुर लोहारा नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समस्त पार्षदों, अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर कवर्धा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा उपस्थित थे।

## एटीएम को तोड़कर रुपये निकालने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई 19 फरवरी।** रुपयों की चोरी करने के नियत से एटीएम की मशीन को तोड़कर रुपये निकालने का प्रयास करने वाले आरोपी के खिलाफ पद्मनाभपुर चौकी पुलिस ने अपराध दर्ज किया है प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 380, 427, 511 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पुलिस के मुताबिक एचआईजी 27 पद्मनाभपुर निवासी आलोक सौंधी एटीएम मशीनों में रुपये लोडिंग करने का कार्य करता है जिले के 30 एटीएम से रुपए लोडिंग करने की उसकी जिम्मेदारी थी।

## शारदा विद्यालय के रोशन ने फिट इंडिया फिज़ में बनाया स्थान



**भिलाई, 19 फरवरी।** शारदा विद्यालय के रोशन ने फिट इंडिया फिज़ में बनाया स्थान है। रौशन चंद्राकर शारदा विद्यालय, रिसाली की ग्यारहवीं कक्षा के गणित संकाय के छात्र हैं। अपनी रुचि एवं लगनशीलता से प्रेरित रोशन ने फिट इंडिया फिज़-2022 के प्रारंभिक दौर में राज्य में नौवां स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा 8 तथा 9 दिसंबर को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आयोजित की गई थी। रौशन शैक्षणिक परीक्षाओं में तो उन्नत प्रदर्शन तो करते ही हैं साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। गत वर्ष सीबीएसई माध्यमिक परीक्षा में इन्होंने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।अपनी इसी संघर्शशील प्रवृत्ति के कारण रौशन फिट इंविया की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं। रौशन की इस उपलब्धि पर शकुंतला ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने उन्हें हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय मैनेजर ममता ओझा, प्रिंसिपल सुतापा सरकार, हेड मिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस रेन्जिनी एम. आर. सीनियर एक्टिविटी इंचार्ज पूजा बब्बर ने की।

## यह समय परमात्मा से मिलने का चल रहा है : आशा दीदी



**भिलाई, 19 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित अंतर दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में विज्ञान एवं आध्यात्मिकता के सुंदर समायोजन द्वारा वन गॉड वन वर्ल्ड फैमिली का संदेश देते हुए दीप प्रज्ज्वलन के साथ उमंग उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व भारत ही नहीं बल्कि परमात्मा शिव की याद में विभिन्न रीतियों से सम्पूर्ण सृष्टि में मनाया जाता है । परमात्मा सुख,शांति का सागर है हम भी उनके लकी बच्चे हैं तो अपने कर्मों द्वारा सभी को सुख शांति देना है। हम मनुष्य आत्माएं देह का आधार लेकर सृष्टि रूपी रंगमंच पर पार्ट बजाती हैं। परमात्मा शिव कलयुग रूपी अंधकार में ब्रह्मा तन का आधार लेकर नई सृष्टि की स्थापना कार्य के लिए अवतरित होते हैं। शिव अर्थात सदा कल्याणकारी। परिस्थितियां शेर के रूप में भी आ जाए तो घबराओ नहीं परमात्मा को सदा साथ रखो। हमारा साथी परमात्मा है। आशा दीदी ने बताया कि यह परमात्मा से मिलने का समय चल रहा है। जीवन की हर घड़ी उत्सव उत्साह की घड़ी है हर कर्म से सर्व को उत्साह दिलाना है7 सदा उत्साह में रहकर उत्सव मनाओ। जीवन के कड़वे अवगुण रूपी अक धतूरे को शिव पर अर्पण कर शिवरात्रि मनाना है7 विज्ञान और अध्यात्म के सुंदर समायोजन द्वारा गॉड इज़ वन, वन गॉड वन वर्ल्ड फैमिली, गॉड इज़ लाइट का सुंदर संदेश देते हुए ड्रोनस के माध्यम से पुष्पों की वर्षा की गई। माई गिफ्ट टू गॉड 21 दिवसीय शिव जयंती प्रोजेक्ट पूरे जोन में शुरू हुआ था जिसे सभी ने बढ़-चढ़कर परिवर्तन के प्राप्त चार्ट से अपने में परिवर्तन किया तथा ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा परमात्मा को भोग के रूप में अर्पण किया गया। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा परिवर्तन की प्रतिज्ञा करा कर शिव ध्वज फहराया गया।



**कवर्धा 19 फरवरी।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर क्रेडा सदस्य अग्रवाल , कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू , उपाध्यक्ष चोवा साहू जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद कलीम , राजेश मखानी , पार्षद अशोक ठाकुर एवं समस्त श्रद्धालुओं ने बूढ़ा महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर भोलेनाथ बाबा की पूजा की ओर गोरी विवाह और भव्य बारात में शामिल हुए ।



भिलाई 19 फरवरी। पार्षद जहिर अब्बास ने भोले बाबा की पूजा की ओर भिलाई वासियों में सुख ,समृद्धि की कामना की ।

# हर-हर महादेव से गूंज उठी इस्पातनगरी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में विभिन्न आयोजन हुए। पूरा शहर हर हर महादेव के जयकारें से गुंज उठा। इस अवसर पर शहर के शिवालयों में विभिन्न आयोजन हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अपनी धर्मपत्नी के साथ शिवालय में पहुंचकर देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना की। हुडको से लेकर सेक्टर एरिया सहित खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पहुंच कर पूजन अर्चन किए। खुर्सीपार में भव्य कलश यात्रा और बाबा भोलेनाथ की पालकी निकाली गई। इस आयोजन में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव शामिल हुए और महामृत्युंजय का जाप किया। सर्वप्रथम सुबह वे हुडको शिव मंदिर पहुंचे। मंदिर पूजा समिति द्वारा श्री मंदिर में महाआरती और महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया गया। विधायक देवेंद्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में शामिल बाबा भोलेनाथ के भक्तों ने महादेव की विधि विधान से पूजा अर्चना की। विधायक देवेंद्र यादव ने शिवलिंग पर दूध,दही, बेल पत्ती, धतूरा, श्रीफल 151 बार महामृत्युंजय का जाप कर पूजा अर्चना की और देवों के देव महादेव से शहरवासियों के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही बाबा भोलेनाथ की पालकी निकाली गई। विधायक देवेंद्र यादव पालकी अपने कांधे में उठाकर वार्ड भ्रमण किया। गोंडवाना समाज बूढ़ादेव देवालय खुर्सीपार भिलाई नगर के तत्वावधान में बूढ़ादेव भगवान की पूजा अर्चना और महाआरती की गई। विधायक देवेंद्र समाज के लोगों के साथ भगवान बूढ़ा देव की पूजा अर्चना की।

### पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश निवास में महाशिवरात्रि बधाई देने वालों का तांता



प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के सेक्टर-9 स्थित बंगले पर महाशिवरात्रि पर्व पर भाजपा कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश को बधाई दी। बधाई देने बंगला पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह लल्लू, नवनियुक्त दुर्ग भाजयुमो जिलाध्यक्ष जीत यादव, निम्मे, मनोज अग्रवाल, पूर्व रिटायर्ड सीएसपी आर पी शर्मा अपने पुत्रों और पोतों के साथ तथा भाजयुमो नेता आकाश विग, मुन्ना पाण्डेय, चन्ना केशवल्लू, आकाश ठाकुर, राहुल भोसले, रेहान अहमद, पार्षद विनोद सिंह, पार्षद वीणा चन्द्राकर, गार्गी शंकर मिश्रा, धीरज शुक्ला, ध्रुव पाण्डेय, पवन पांडे, उदय भास्कर, रविशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के पुत्र एवं रामजन्मभूमि के युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने जीत यादव को दुर्ग का भाजयुमो अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

### भोले शंकर का रेखराम ने किया जलाभिषेक

**जामुल।** महाशिवरात्रि पर शनिवार को पुरैना तालाब वार्ड क्र-4 शिव मंदिर में अभिषेक करते हुए जामुल के पूर्व नपाध्यक्ष रेखराम बंछोर ने भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। साथ में प्रशांत गुप्ता सपत्नीक जगदीश देवांगन, मेघनाथ साहू, ओमपकाश साहू, दयालु जंघेल, गोवर्धन साहू, संतोष जंघेल, देव लाल साहू, केशव कौशिक एवं सैकड़ों श्रदालु जलाभिषेक में शामिल हुए।



## बच्ची से अश्लील हरकत, आरोपी हिरासत में



**भिलाई 19 फरवरी।** सुपेला थाना क्षेत्र अयप्पा नगर सुपेला में संचालित एक मदरसा के मौलाना ने पिछले एक महीने से एक नौ साल की बच्ची से अशलील हरकत कर रहा था पीड़ित बच्ची आरोपित के पास अरबी और उर्दू की पढ़ाई के लिए आती थी। वहां पर आरोपित उसे गलत तरीके से छूता था और अश्लील बातें करता था आरोपित ने जब पीड़िता से ज्यादा अश्लील हरकत की तो उसने अपनी मां को इसके बारे में बताया इसके बाद ये मामला सुपेला पुलिस तक पहुंचा पुलिस ने आरोपित के खिलाफ छेड़खानी और पाक्सो एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी कर उसे हिरासत में ले लिया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि आरोपित मोहम्मद मेराज अयप्पा नगर के मदरसा में बच्चों को उर्दू और अरबी की तालीम देता है उसके पास एक नौ साल की बच्ची पढ़ने के लिए आती थी आरोपित उससे अश्लील हरकत करता था और अपने मोबाइल पर उसे अश्लील फोटो दिखाता था आरोपित करीब एक महीने से बच्ची से इस तरह की हरकत कर रहा था घटना की शिकायत के बाद सुपेला पुलिस ने आरोपित मोहम्मद मेराज के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे हिरासत में ले लिया है।

# फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाईल बनाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 19 फरवरी।** जिला कबीरधाम के पुलिस चौकी दामापुर थाना कुण्डा में ग्राम जैतपुरी निवासी ने शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि करीबन् 01 वर्ष पूर्व से इसके मोबाईल नंबर पर अज्ञात लड़की ने मोबाईल नंबर से कॉल कर तथा व्हाटसएप्प के माध्यम से संपर्क किया तथा आवेदक को प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने एवं अच्छी नौकरी दिलवा देने के नाम पर अपने आप को दिल्ली पुलिस विभाग में एवं माता पिता आर्मी में बहन एयरपोर्ट में होना बताते हुये नेहा कानिटकर नाम की युवती ने आवेदक के 03 बैंक खाता में लगभग 1426000 रूपये लेकर ठगी किया गया है, कि उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस चैकी दामापुर में अपराध क्रमांक 28/23 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया तथा मामले के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं श्री पंकज पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया ने अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए तथा आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर विशेष टीम गठित कर तत्काल रवाना किये जाने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशानुसार पुलिस चौकी प्रभारी दामापुर सहायक उप निरीक्षक रधुवंश पाटिल के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम ग्वालियर मध्यप्रदेश रवाना किया गया। जहां संदेही आशीष शर्मा पिता शिवसेवक शर्मा निवासी जलपुरा थाना अटेर जिला भिंड मध्यप्रदेश वर्तमान पता उरवई गेट ग्वालियर से विधिसंगत् पुछताछ करने पर बताया कि यह वर्ष 2018 से भिंड से ग्वालियर आया है तथा इसने नेहा कानितकर के नाम से फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाईल बनाकर विभिन्न व्यक्तियों को फ्रेंड रिकवेस्ट भेजता था। इसी फर्जी प्रोफाईल के झांसे में आकर हिमांशु यदू नामक व्यक्ति फंस गया। जिससे चैटिंग, विडियो कॉलिंग एवं बातचीत करता था तथा विडियो एडिट करके किसी मॉडल लड़की का लाईव चैट दिखाकर उससे प्यार मोहब्बत की बातें करता था एवं अपनी पत्नि रानी शर्मा के माध्यम से हिमांशु यदु नामक युवक को चिकनी चुपड़ी बातें कर प्रेम मोहब्बत का झांसा देते हुए पुलिस विभाग की बड़े अधिकारी होने का झांसा देकर छत्तीसगढ़ राज्य में फुड इंस्पेक्टर की नौकरी निकला है, उसमें नौकरी लगवा देने का प्रलोभन देकर उससे अपने बैंक खाता में करीबन् 17.51 लाख रूपये ट्रांजेक्शन करवाया है तथा उसमें से 03.25 लाख रूपये वापस हिमांशु के बैंक खाता में भेज दिया है, कि संदेही द्वारा हिमांशु यदू के साथ उक्त घटना को घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी आशीष शर्मा पिता शिवसेवक शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी जलपुरा थाना अटेर जिला भिंड मध्यप्रदेश वर्तमान पता उरवई गेट ग्वालियर एवं उसकी पत्नी रानी कुमारी पति आशीष शर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी अशोक नगर जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश वर्तमान पता उरवई गेट ग्वालियर को विधिसंगत् गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 नग एटीएम कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त मोबाईल को जप्त किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गनिर्देशन एवं दिशा-निर्देश में निरीक्षक आनंद शुक्ला थाना प्रभारी कुण्डा, सहायक उप निरीक्षक रधुवंश पाटिल पुलिस चौकी प्रभारी कुण्डा एवं प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, लक्ष्मीकांत मिश्रा एवं महिला आरक्षक शंकुतला धुर्वे ने सराहनीय कार्य किया गया है।

# आगजनी से प्रभावित परिवारों को महापौर ने वितरित की दैनिक जरूरत की सामग्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 फरवरी।** आगजनी से प्रभावित परिवारों के मदद के लिए विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल विगत दिन सूचना प्राप्त होते ही सक्रियता से प्रभावितों के साथ खड़े रहे। प्रभावित परिवारों ने इस दौरान बताया कि आगजनी से दैनिक जीवन की चीजें समाप्त हो चुकी हैं, इसको विधायक एवं महापौर ने गंभीरता से लिया। प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर ही उन्होंने राहत शिविर लगाने के निर्देश दिए और मौके पर आला अधिकारी मौजूद होकर राहत कार्य में जुट गए। इसके लिए पूरे आगजनी क्षेत्र का सर्वे भी कराया गया है। लगभग 25 परिवार जिसमें 72 लोग निवासरत थे, इसकी जानकारी सर्वे में प्राप्त हुई है। बताया गया कि ज्यादातर लोग सेक्टर 9 अस्पताल में अटेंडेंट का काम करते हैं। आगजनी से प्रभावित परिवार को मिलने के लिए सीएम के ओएसडी मनीष बंछोर, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर तथा धर्मेन्द्र यादव, गुरलीन एवं पार्षद कोमल टंडन रात को भी पहुंचे थे और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनको हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किए थे। अल सुबह प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से महापौर नीरज पाल, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी आदि मौजूद रहे। प्रभावित परिवारों के सर्वे सूची के अनुसार राहत सामग्री के रूप में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, एवं जवान सभी के लिए कपड़े, कंबल, चप्पल, बाल्टी, मग्गा, ब्रश, इत्यादि दैनिक जीवन की चीजें प्रदान की गई। प्रभावित परिवारों ने इसके लिए राहत की सांस ली। प्रभावित लोगों ने विधायक, महापौर सहित प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रभावित परिवारों के लिए जिनके दस्तावेज जल गया है उनके लिए आज दस्तावेज बनवाने के लिए शिविर का आयोजन भी किया गया तथा दस्तावेज बनाने की कार्यवाही की गई। परीक्षा को देखते हुए पाठ्यपुस्तक की सामग्री उन्हें विगत रात्रि को ही प्रदान कर दी गई थी। प्रशासनिक कार्यप्रणाली के तहत जो भी व्यवस्था की जा सकती है उसके लिए व्यवस्थाएं मुखरता से विधायक एवं महापौर नीरज पाल के द्वारा की जा रही है। इस पर लगातार विधायक और महापौर की नजर है। गौरतलब है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने भी निरीक्षण कर मौके का जायजा लिया था और उचित व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था। प्रभावित परिवारों के लिए सुलभ शौचालय सहित पेयजल एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट तथा भोजन की व्यवस्था भी कर दी गई थी।

### प्रदेश के तीर्थ भूमियों को विकसित करने कर रहे व्यापक कार्य

**दुर्ग 19 फरवरी।** प्रदेश के तीर्थ स्थलों को विकसित करने की दिशा में हम व्यापक कार्य कर रहे हैं। ठकुराइन टोला में 3 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है तथा 17 करोड़ रुपये की लागत से लक्ष्मण झूला बनाया जाना है। संत पवन दीवान जी द्वारा इस मंदिर का लोकार्पण किया गया था। मंदिर में हर वर्ष तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्राम ठकुराइनटोला में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के पश्चात श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल राजिम में 55 एकड़ क्षेत्र में विकास कार्य किया जा रहा है।

# बैठक में कर्मचारियों को दिया संपत्ति कर वसूली का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में टैक्स वसूली को लेकर बैठक की गई, जिसमें विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही नई एजेंसी श्री साई पब्लिक स्टेशनर्स के कर्मचारी भी शामिल हुए। इन सभी को संपत्तिकर की वसूली कैसे बढ़ाया जा सकता है, इसके बारे में टिप्स दिए गए। टैक्स वसूली के लिए हर पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित किया गया। गौरतलब है कि निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर संपत्तिकर की बढ़ोतरी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत प्रशिक्षण आयोजन तथा समीछा बैठक किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र कुमार बंजारे एवं रमाकांत साहू, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, दिलीप कुर्वे तथा श्री साई पब्लिक स्टेशनर्स व निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एजेंसी के द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा भी की गई। बताना जरूरी है कि मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन में नई एजेंसी के द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं और टैक्स वसूली की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार से संपत्ति कर की वसूली के लिए एजेंसी के द्वारा डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन को लेकर चर्चा की गई। एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि वह जल्द से जल्द सभी प्रकार के टैक्स वसूली पूरा करें। निगम के द्वारा प्रदान किए गए लक्ष्य के अनुसार 100 प्रतिशत टैक्स वसूली करें। कर्मचारियों को आई कार्ड के साथ ही वसूली करने कहा गया है। डोर टू डोर सर्वे कार्यों की समीक्षा भी की गई एजेंसी के द्वारा कितने वार्डो का अब तक सर्वे किया जा चुका है इसकी रिपोर्ट मांगी गई है।



# बीएसपी के सुरक्षा माह समापन समारोह में स्कूली छात्र पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र में सुरक्षा माह समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। सुरक्षा माह में सुनीति उद्यान, सेक्टर-8 में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिताओं के शीर्ष 18 विजेताओं को समारोह में पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि घर हो या संयंत्र, दैनिक जीवन में सुरक्षा को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा अपनी ड्राइंग में दर्शाया गया सुरक्षा संदेश अद्भुत और प्रेरणादायक था। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने सुरक्षा गतिविधियों में ठेका श्रमिकों की भागीदारी की सराहना की। बीएसपी के ठेका श्रमिकों द्वारा जेडटीआर-9 और पुष्पा भी झुकेगा पर नाटक का प्रदर्शन किया गया। सीनियर टेक (मार्स-1) के के तिवारी और महाप्रबंधक जी के साहू ने अपनी सुरक्षा कविताएं प्रस्तुत की और लोमस कुमार साहू ने समारोह में बांसुरी वादन किया। प्रारंभ में सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। महाप्रबंधक एस के अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। महाप्रबंधक डॉ ए आर सोनटके ने कार्यक्रम का संचालन किया। पुरस्कार विजेता स्कूली बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता, सीजीएम, डीएसओ, सेफ्टी वारियर और संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी समारोह में उपस्थित थे। जे तुलसीदासन जीएम, एस के महतो जीएम, एम के श्रीवास्तव एजीएम, अजय गोने एजीएम के सी साजन एजीएम, एन के महिष्कर एजीएम, अनुराग पाठक वरिष्ठ प्रबंधक, एस देशपांडे वरिष्ठ प्रबंधक, शोवन घोष वरिष्ठ प्रबंधक, वी के गर्ग वरिष्ठ प्रबंधक और सम्पूर्ण सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



एक नजर

## शहीद कप अखिल भारतीय वॉलीबांल प्रतियोगिता में कई राज्यों की टीम



**राजनांदगांव 19 फरवरी।** संस्कारधानी राजनांदगांव में तीन दिवसीय शहीद कप अखिल भारतीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17 से 19 फरवरी 2023 तक राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता संयुक्त जिला राजनांदगांव के उन सभी अधिकारीयों एवं जवानों को समर्पित है जो कि किन्ही कारणों से शहीद हुये है, उक्त प्रतियोगिता की परिकल्पना तात्कालीन पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने की थी जिसे वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा ने किया साकार तथा डीएसपी श्री देव प्रकाश नायक, सुश्री रेखा पदम, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, श्री रूबी गरचाजी अध्यक्ष जिला वॉलीबाल संघ राजनांदगांव, श्री आबिद बेग सचिव जिला वॉलीबाल संघ राजनांदगांव के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता जिला पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से यह प्रतियोगिता कराई जा रही है उक्त प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों से जैसे विशाखापट्नम, हरियाणा, साई त्रिवेनदम केरल, तमिलनाडू पुलिस, जिला पुलिस राजनंदगांव।

## किचन शेड निर्माण कार्य का सांसद व विधायक ने किया भूमिपूजन



**अंवरी 19 फरवरी।** ग्राम सिहाद त्रिकुटी शिव धाम में चुन्नीलाल साहू सांसद एवं अजय चंद्राकर विधायक कुरुद के द्वारा किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच कोमल ध्रुव,उपसरपंच नंदकुमार साहू, पंच टेमन पाल, मीना पटेल, सुनीता बैस, पं अंगेशवर मिश्रा, नोहर साहु, भेषज बैस, मुकेश बैस, हरीश बैस, सरपंच देवरी उत्तरा चंद्राकर,उपसरपंच भीम पटेल एवं बिशंभर पटेल सहित समस्त ग्रामवाशी उपस्थित रहे।

## एसपी हटेगा या रॉबिनहुड नपेगा: अजय चंद्राकर

**रायपुर 19 फरवरी।** प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री, विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह द्वारा एसपी को हटाने की मांग के साथ बलरामपुर बंद करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया है एसपी को हटाया जाएगा या अपनी ही सरकार के खिलाफ बंद का आयोजन करने वाले विधायक को नापा जायेगा। भाजपा मुख्य प्रवक्ता पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा के आंदोलन को बेशर्मी कहा जबकि ये पार्टी खुद अपने शहीद नेताओं को राजनीति का मोहरा बना रही है। जेब में सबूत लेकर घूम रहे हैं और ऐसे ही घूमते घूमते खुद गुम हो जाएंगे। आपकी आंखों में जरा सी भी शर्म बाकी है तो बतायें कि रॉबिनहुड कांग्रेस विधायक बलरामपुर क्यों बंद करा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा है कि एसपी हटेगा या रॉबिनहुड नपेगा? भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा यह बड़ी अजीब स्थिति है कि एसपी के खिलाफ सरकार के विधायक को ही बंद बुलाना पड़ रहा है मुख्यमंत्री अपने विधायक को तो रोक नहीं पा रहे हैं और विपक्ष के ऊपर तंज कस रहे है मुख्यमंत्री जी से न उनकी पार्टी संभल रही है ना यह प्रदेश।

## चेंबर की मांग पर 49वें जीएसटी कौंसिल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय: पारवानी

**रायपुर 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ ऑफ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की मांग पर जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करते हुए जीएसटी कौंसिल की 49वें बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। चेंबर अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि जीएसटी के सरलीकरण तथा युक्तियुक्त करण करने हेतु पूर्व में केंद्रीय वित्त मंत्री माननीया निर्मला सीतारमण जी को ज्ञापन सौंपा गया था जी लेकर आज जीएसटी के 49वें बैठक में चेंबर द्वारा किए गए मांगो पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जो निम्नानुसार है। श्री पारवानी कहा कि जीएसटी सरलीकरण एवं इसके युक्तियुक्तकरण करने की दिशा में जीएसटी कौंसिल की बैठक में लिए गए निर्णय का छत्तीसगढ़ चेम्बर स्वागत करता है साथ ही प्रदेश के समस्त व्यापारियों की ओर से माननिया वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित करता है।

## भाजपा विकास, विश्वास और प्रयास पर ऐतबार करती है:असगर अली

**रायपुर 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा भाजपा सांसदों से संवाद के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को धार्मिक बयानों से दूर रहकर केवल सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास पर केंद्रित रहने का निर्देश दिए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि भाजपा के बारे में भ्रम फैलाने वालों को यह समझ लेना चाहिए कि भाजपा कर्म में विश्वास रखती है। भाजपा के लिए सभी एक बराबर हैं। भाजपा सबका विकास करती है। भाजपा सबके साथ है। भाजपा अपने काम से सबके विश्वास पर खरी उतरी है और भाजपा सबके प्रयास से भारत को दुनिया मे सबसे बेहतर मुल्क के तौर पर कायम कर रही है।

# मोर जमीन-मोर मकान के तहत शांति बाई को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

### महापौर एवं आयुक्त ने दी बधाई, किरायेदारों को लाटरी के माध्यम से 24 फरवरी को आवास आबंटन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत खुद के कच्चे घरों में निवास करने वाले हितग्राहियों द्वारा नगर निगम राजनांदगांव में विधिवत आवेदन देकर स्वीकृति उपरांत सर्वसुविधा युक्त आवास का निर्माण कर रहे है। इसी कडी में वार्ड नं. 49 की रहवासी श्रीमती शांतिबाई रामटेके ने योजना के तहत सर्वसुविधा युक्त सुंदर आवास निर्माण करने पर श्रीमती रामटेके को मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा 15 फरवरी 2023 को होटल बेबीलान रायपुर में आयोजित नगरीय निकायों के महापौर एवं अध्यक्षों के प्रबोधन कार्यक्रम गौरव समागम 2023 प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री जी से सम्मान प्राप्त होने पर इस उपलब्धि के लिये महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आवास निर्माण की प्रशंसा करते हुये श्रीमती शांतिबाई रामटेके को बधाई देते हुये कहा कि शांति बाई से सभी को प्रेरणा लेकर अपने आवास का निर्माण करना चाहिये, उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के निगम की टीम को भी बधाई देते हुये कहा कि आप लोगों के द्वारा योजना के सभी घटकों का अच्छा क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी प्रकार से कार्य कर योजना का सही लाभ पात्र हितग्राहियों को दे, ताकि राजनांदगांव शहर सतप्रतिशत योजना के क्रियान्वयन की ओर अग्रसर हो सके। शासन की मोर मकान मोर आस योजना के तहत वर्षो से किराये के मकान में निवासरत परिवारों को लागत मूल्य पर आवास आबंटित करने शासन निर्देशानुसार प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया, पात्र हितग्राहियों की सूची निगम के सूचना पटल जनसमान्य के लिये चस्पा किया गया और पात्र आवेदकों को बैक एवं अन्य वित्तय संस्था से आवास हेतु ऋण प्रदान करने निगम आयुक्त द्वारा पहल की गयी। इस पहल के तहत नगर निगम में दिनांक 20 फरवरी से 22 फरवरी 2023 तक लोन मेले का आयोजन किया गया है, जहाँ पात्र आवेदकों को आवास के लिये लोन बैकों के माध्यम से लोन प्रदान किया जायेगा। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने आवेदकों से कहा है कि परियोजना के अनुरूप राशि जमा करने के उपरांत ही पात्र आवेदकों को आवास का आबंटन किया जायेगा। आवास आबंटन दिनांक 24 फरवरी 2023 शुक्रवार को नगर निगम सभागृह में प्रातः 11:30 बजे लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने पात्र आवेदकों से अपील करते हुये कहा है कि लोन का लाभ लेकर निर्धारित समय में राशि जमा कर स्वयं के आवास का सपना साकार करे।

# अवैध शराब तस्करी करने वावों पर की कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन मे जिले मे अवैध शराब पर चलाये जा रहे अभियान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल एवं डी.एस.पी. नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी निरीक्षक विनय सिंह बघेंल के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस एवं सायबर सेल की टीम तथा थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में सायबर की टीम द्वारा सूचना पर कि मध्यप्रदेश/महाराष्ट्र से भारी मात्रा में 02 अलग अलग वाहनों में शराब तस्करी कर छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में लेजाने की सूचना पर दो टीम गठित किया गया और आरोपियो का पीछा कर उन्हें धरदबोचा गया दोनों प्रकरणों में थाना सोमनी में 100 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब मय पीकप वाहन जप्त कर 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया और थाना डोंगरगांव में 80 पेटी अंग्रेजी शराब मय पीकप वाहन जप्त कर 02 आरोपी को गिरफ्तार कर दोनों मामलों में सभी 04 आरोपियों को ज्यूडिसियल रिमाण्ड पर भेजा गया जेल।

दिनांक 17-02-2023 को थाना सोमनी क्षेत्रांतर्गत ठाकुरटोला टोल प्लाजा पर नाकाबंदी करते हुये एक पिकअप वाहन को रुकवाया गया जिसमे सब्जी भरी हुई थी को चैक करने पर सब्जी के नीचे 100 पेटी



गोवा स्प्रीट आफ स्मूथनेस अंग्रेजी व्हीस्की शराब का होना पाया गया। पिकप वाहन क्रमांक एम.एच. 49 ए.टी. 9818 के वाहन चालक आकाश लोखंडे पिता रमेश लोखंडे उम्र 27 साल साकिन जालनाखेड़ा थाना नारखेड, जिला नागपुर (महाराष्ट्र) एवं हेल्पर मनोज काड़े पिता सूरज काड़े उम्र 36 साल साकिन 04 नंबर नाका पवनगांव रोड, थाना कल्मना नागपुर महाराष्ट्र को मौके मे हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर बताये कि निलेश सोलेट, बंटी मोतेरकर निवासी नागपुर द्वारा सावनेर म0प्र0 मे उसके स्वयं के बोलेरा वाहन क्रमांक एम एच 49 ए टी 9818 मे 100 पेटी गोवा स्प्रीट आफ स्मूथनेश अंग्रेजी व्हीस्की कुल 5000 पौवा कुल 9-00-000 मिलीलीटर कीमती करीबन 5-35-000 रुपये एवं रोहित बाबर के अशोक लीलैड क्रमांक एम 49 डी 0154 मे शराब भरकर दिये थे। दोनो को एक साथ सावनेर से रवाना करना एवं अलग अलग दिशा से जाकर भिलाई दुर्ग निवासी बाबा सिंह नाम के व्यक्ति को शराब भिलाई सुपेला चौक मे छोड़कर आना बताये। बाबा सिंह से 2700 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से 2-70-000 रुपये प्राप्त करके आना बताये जाने पर आरोपीगण के विरुद्ध धारा सदर का अपराध कमांक 41-23 धारा 34 2 आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी 01 आकाश लोखंडे 02 मनोज काड़े को विधिवत गिरफ्तार कर विवेचना मे लिया गया है। अन्य आरोपी 01 बंटी मोतेरकर 02 निलेश मोलेट दोनो साकिनान नागपुर महाराष्ट्र 03 बाबा सिंह निवासी दुर्ग की पता तलाश जारी है। इस संपूर्ण कार्यवाही मे सायबर टीम से मनीष मानिकपुरी मनीष वर्मा) मनोज खुंटे) अवध किशोर साहू) एवं थाना सोमनी से सउनि इसराफिल खान सउनि आर राजू) आरक्षक 1413 राजपाल टंडन) आरक्षक 1269 विजेन्द्र कुमार) आरक्षक 1533 हरदास बंजारे) आरक्षक 390 मिलटन वाल्टर की अहम भूमिका रही।

दिनांक 17.02.2023 को मुखबीर थाना आकर सूचना दिया कि एक सफेद रंग की अशोक लीलैण्ड कंपनी का माल वाहक वाहन (दोस्त) क्रमांक दू एम.एच. 49 डी 0154 में सवार दो व्यक्ति जो अं0चौकी रोड से राजनांदगांव होते हुये दुर्ग की ओर जायेगी जिसमे अवैध रूप से दीगर राज्य की अंग्रेजी शराब भरकर बिक्री करने के उद्देश्य से ले जा रहा है, मामले कि जानकारी वरिष्ठ अधिकारी को दी गई ।

# ठगी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** प्रार्थिया चंद्रिका सोरी पति मुकेश कुमार सोरी निवासी तुलसीपुर ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि तुलसीपुर संग्राम चौक स्थित अमन ट्रेडर्स ऑर्डर सप्लायर के नाम से दुकान खुला है जो 25 प्रतिशत छूट देने, आधे किमत में सामान दे रहा है पर मैं अमन ट्रेडर्स में आलमारी, वासिंग मशीन, फ्रीज की खरीदी के लिए 31820/- रूपये जमा किया और 12 दिन बाद सामान दिया जाने की बात बोलकर रसीद दिया, 12 दिन बाद दुकान गई तो दुकान बंद था अमन ट्रेडर्स का संचालक पद्मनाथन फरार हो गया जिसकी लिखित सूचना पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 992/22 धारा 420 भा.दं.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली श्री नरेश पटेल द्वारा थाने



में टीम गठित कर आरोपी पतातलाश की गई। तकनिकी सहायता से फरार आरोपी पद्नाथन का पतातलाश किया गया जो धनबाद के थाना चिरकुण्डा क्षेत्र में अपने साथियों के साथ राजनांदगांव की तरह ऑर्डर सप्लाई का दुकान वहां खोलकर लोगों को ठगने के फिराक में था। मौके पर पहुंच कर नोटिस देकर राजनांदगांव तलब किया जिसे राजनांदगांव में लाकर पूछताछ करने पर बताया कि पूर्व में थाना हरदा मध्यप्रदेश के अप.क्र. 630/2005, अलवर राजस्थान के अप.क्र. 466/2019 में उसके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध था एवं अक्टूबर-नवम्बर में राजनांदगांव में अमन ट्रेडर्स के नाम से तुलसीपुर थाना कोतवाली क्षेत्र में दुकान किराये पर लेकर खोला था जहां लगभग 60-65 लोगों से ठगी कर करीबन 4 लाख रूपये की ठगी कर लोगों का पैसा आर्डर सप्लाई के नाम से लेकर बिना किसी को जानकारी दिये भाग गया। आरोपी के पास से नगदी, पाम्पलेट एवं दुकान के बिल को जप्त कर गिरफ्तार कर आज दिनांक 18.02.2023 को माननिय न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नरेश पटेल, उनि एम.पी. सिंह, सउनि उदय सिंह चंदेल, प्र.आर. 155 जी.सिरिल, आर. रामखिलावन, आर. अविनाश झा, आर. प्रख्यात जैन एवं सायबर सेल के आर. हेमंत साहू, आर. अमित सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

# आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की बैठक, वसूली की ली जानकारी

- लक्ष्य से कम राजस्व वसूली पर संबंधित वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** नगर निगम आयुक्त डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर वार्डवार वसूली की जानकारी ली और गत सप्ताह बैठक में दिये गये निर्देश के प्रगति की जानकारी लेकर कम राजस्व वसूली करने वाले वार्ड प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिये।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों से उनके प्रभारित वार्डो की वसूली जानकारी ली तथा गत सप्ताह के बैठक में दिये गये निर्देश की प्रगति जानकारी लेकर कम राजस्व वसूली करने वाले वार्ड प्रभारियों को फटकार लगाते हुये लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के कडे निर्देश दिये एवं राजस्व अधिकारी श्री सुनील अग्रहरि को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी के वसूली की रसीद एवं जमा किये गये कर की राशि का मिलान संबंधित वार्ड के राजस्व निरीक्षक करे, जिससे सही



वसूली की जानकारी मिल सके। इसके अलावा नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर लेना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर जलकर की वसूली करे। इसी प्रकार भवन नजूल शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। प्रतिदिन वार्डो में जाकर घर घर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करे।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। बडे बकायादारों का नाम प्रकाशित करे, उन्हें अंतिम नोटिस जारी करे, करों का भुगतान नहीं करने पर कुर्की की कार्यवाही करे। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना दुकान किराया,अटल आवास योजना के किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दुकानों का किराया नही देने पर दुकाने सील करने की कार्यवाही करे।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने उपायुक्त श्री सुदेश सिंह एवं राजस्व अधिकारी श्री सुनील अग्रहरि से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिये समस्त करें कडाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे, कम वसूली पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चैबे सहित समस्त राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

## अधिकारियों के फीडबैक से समस्या का समाधान हुआ आसान

**राजनांदगांव 19 फरवरी।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम खलारी में गौठान एवं शासकीय प्राथमिक शाला खलारी एवं ढाबा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्कूल में बच्चों से बात की तथा उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढने् के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के जमीनी स्तर पर निरीक्षण के लिए ग्राम खलारी के गौठान पहुंचे तथा वहां वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, सामुदायिक बाड़ी, शेड निर्माण एवं मल्टीएक्टिविटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत भ्रमण किया जा रहा है। इसके बाद सभी संबंधित अधिकारी अपने आबंटित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर फीडबैक देते हैं। जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में वस्तुस्थिति की समुचित जानकारी मिलने से समस्या के समाधान की दिशा में बेहतर तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों के निरीक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ ही अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाए गए हैं। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने डोंगरगढ़ के जनपद पंचायत सभाकक्ष में सभी अधिकारियों की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ ने सभी अधिकारियों से डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत कुपोषण की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। सभी अधिकारियों ने उनसे कुपोषण को दूर करने के लिए अपने अनुभव साझा किए। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए शासन द्वारा राशि स्वीकृत हो रही है। शीघ्र की इस दिशा में तेज गति से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में जल जीवन मिशन के तहत पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विशेष रूप से कार्य करने की जरूरत है।

## अस्पताल में इंजेक्शन लगाने नर्स तक नहीं: डॉ. बांधी

**रायपुर 19 फरवरी।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व छत्तीसगढ़ के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था और मरीजों की दयनीय स्थिति के मद्देनजर बिलासपुर सिम्स जहां सात सौ से अधिक मरीज केवल अठारह नर्सो के भरोसे हैं, का हवाला देते हुए कहा है कि कांग्रेस के राज में अस्पतालों में इंजेक्शन लगाने के लिए नर्स तक नसीब नहीं हैं। गरीब बेमौत मर रहे हैं।छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों की हालत बदतर है। गरीब, असहाय, बेसहारा लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।इलाज के अभाव में छत्तीसगढ़ में 25000 नवजात शिशुओं की मृत्यु कांग्रेस राज में हो चुकी है।सरकारी अस्पतालों में न जांच हो पा रही है न गरीबों को इलाज मिल पा रहा है। यहां तक कि मरीजों को इंजेक्शन लगाने के लिए नर्स तक यह सरकार दे नहीं पा रही। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक, राजधानी से लेकर न्यायधानी तक छत्तीसगढ़ की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। बस्तर में आदिवासी रहस्यमयी बीमारी की चपेट में आकर दम तोड़ रहे हैं। सरगुजा के सरकारी अस्पताल में नवजात शिशुओं की मौत हो जाती है। पूरे प्रदेश में बड़े बड़े सरकारी अस्पतालों से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों तक इतना मेडिकल स्टॉफ नहीं है कि मरीजों का इलाज हो सके। गरीबों की जान बच सके। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव स्वयं स्वास्थ्य विभाग के लिए पैसा न मिल पाने का रोना रोते रहते हैं। मतलब साफ है कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के बीच सत्ता संघर्ष का खामियाजा राज्य के गरीब भुगत रहे हैं।

## भारतीय समाज के विभिन्न पक्षों पर रौशनी डालती है आधी-अधूरी रोशनी:डॉ. मृणालिका ओझा

**रायपुर 19 फरवरी।** डॉ. चंद्रावती नागेश्वर की लघुकथाएं जहां एक ओर व्यक्तिगत और पारिवारिक रिश्तों पर केंद्रित हैं वहीं दूसरी ओर उसमें सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं पर भी आपने अपनी लेखनी चलाई है। जीवन



के विभिन्न पक्षों को उद्घाटित करती इनकी लघुकथाएं विचार और व्यवहार को प्रभावित करती है। डॉ. चंद्रावती नागेश्वर की पुस्तक 'आधी अधूरी रोशनी' एवं 'आलेख मणिका' के छत्तीसगढ हिन्दी साहित्य मंडल के तत्वावधान में सिविल लाइन, रायपुर स्थित वृन्दावन सभागार में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. मृणालिका ओझा ने कहा। उक्त कार्यक्रम में डॉ. चंद्रावती नागेश्वर, अमरनाथ त्यागी, माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', शीलकांत पाठक, अंबर शुक्ला 'अंबरीश', राजेन्द्र ओझा, लतिका भावे, तेजपाल सोनी, सुरेंद्र रावल, डॉ. जे. के. डागर, एन. के. चंचलानी, मोहन श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अजीत शर्मा, राधा मोहन श्रीवास्तव, रिक्की बिंदास, यशवंत यदु आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं काव्य पाठ भी किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पांडे एवं आभार तेजपाल सोनी द्वारा किया गया।

## सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग 2023 शुरु

**रायपुर 19 फरवरी।** बंगाल टाइगर्स बनाम कर्नाटक बुलडोजर के बीच एक रोमांचक मैच के साथ रायपुर में सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग 2023 की शानदार शुरुआत हुई है। मैच दोनों पक्षों के खिलाड़ियों द्वारा कुछ शानदार प्रदर्शन के साथ अद्भुत था। यह गेम मनोरंजक था और बिल्कुल नए प्रारूप में क्रिकेट के मज़े का पावरहाउस था। क्रिकेट इतिहास में यह पहली बार है कि कोई टी20 मैच 10 ओवर की 2 पारियों में खेला जाएगा। नया प्रारूप संबंधित फिल्म उद्योग (तेलुगु वारियर्स, कर्नाटक बुलडोजर, चेन्नई राइनोस, केरल स्ट्राइकर्स, बंगाल टाइगर्स, भोजपुरी दबंग्स, मुंबई हीरोज और पंजाब डी शेर) का प्रतिनिधित्व करने वाली 8 टीमों के सिने सितारों के साथ अधिक क्रिकेट, अधिक मनोरंजन और अधिक मनोरंजन प्रदान करता है। ) सीसीएल 2023 ताज के लिए प्रतिस्पर्धा। सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री विष्णु वर्धन इंदुरी के अनुसार, हम सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग 2023 के नए सिरे से तैयार, ताज़ा और रीलोडेड संस्करण को वापस लाकर खुश हैं। दर्शकों के लिए टी20 के नए प्रारूप के साथ प्रति टीम 10 ओवर की 2 पारियों के साथ। हम पहले 2 मैचों की प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं और बाकी खेलों में और अधिक उत्साह की उम्मीद करते हैं।

### महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वरधाम में लगा रहा भक्तों का तांता

# हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा कर्णेश्वर धाम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 19 फरवरी।** ऐतिहासिक कर्णेश्वरधाम में शनिवार को महानदी व बालका के संगम में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया।बिल्वपत्र, धतूरा, कनेर के फूल,घी, दूध दही,मिश्री,शक्कर, शहद सुगन्धित तेल,गंगाजल समर्पित कर भगवान शिव की आराधना की।सुबह से ही शिव भक्तों का तांता कर्णेश्वर धाम में लगा रहा।भीड़ ज्यादा होने के कारण कतार बद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार किया।कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट ने विधि विधान से महारुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना बेल पत्र,धतूरा, शमी सहित शिव जी के प्रिय फूलो से की।हमेशा की तरह खीर प्रसादी का वितरण प्रेम जीत छाबड़ा,शिशिर कांत साहू,समीर कांत साहू के द्वारा की गई।सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कर्णेश्वर महादेव का दर्शन ,जलाभिषेक कर क्षेत्र के विकास व सुख शान्ति की कामना की।इस दौरान लखन लाल ध्रुव,



भानेन्द्र ठाकुर ,भरत निर्मलकर मौजूद थे।

**रंग पर्व का होता है शुभारंभ :** महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है।इस दिन रुद्राभिषेक के बाद कर्णेश्वर महादेव को अबीर गुलाल समर्पित कर रंग पर्व की शुरुआत की जाती है।

**निसन्तान दम्पति के घर गूंजती है किलकारियां :** ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि कर्णेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केंद्र है यहां साल भर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होते रहते है माँघी पूर्णिमा में पांच दिवसीय मेला भरता है।ग्यारहवीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित मन्दिरो में राम जानकी,गणेश आदि भगवान विराजित है।कर्णेश्वर महादेव की महिमा अपरंपार है निसन्तान दम्पत्तिया महाशिवरात्रि के दिन यहा जलाभिषेक कर अपनी याचना करते है।ऐसी मान्यता है कि कर्णेश्वर महादेव की दर से कोई खाली नही लौटा।

**शिव जी के भजनों से श्रद्धालु हुए सराबोर :** महाशिवरात्रि पर स्वरांजलि सिहावा के कलाकारों ने एक से बढकर एक शिव भजनों से शमा बांधा। अजब है भोलेनाथ ये दरबार तुम्हारा' ,मेरे सर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से की।फिर लगातार आमन्त्रित मानस मण्डलिओ वीर कचना ध्रुवा मानस परिवार डाभा करेली,आदर्श प्रचार मण्डली देवपुर धमतरी, जय माँ भद्रकाली बालिका मानस परिवार रत्ना बाँधा धमतरी ने अपनी प्रस्तुति दी।इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, निकेश ठाकुर,ललित शर्मा, नागेन्द्र शुक्ला,कलम सिंह ठाकुर,रामभरोसा साहू,मोहन पुजारी ,राम लाल श्रीमाली, भरत निर्मलकर, कमल डागा,योगेश साहू,महेंद्र कोशल बंटी जैन,छबि ठाकुर,देवेंद्र साहू,डोमार मिश्रा,बबलू गुप्ता, टेश्वर ध्रुव,रामगोपाल साहू,रवि भट्ट,हनी कश्यप,दुर्गेश साहू,अनिरूद्ध साहू,प्रीतम गिरी,खम्मन आडिल ,सचिन भंसाली,ललित निर्मलकर,प्रकाश सार्वा आदि की उपस्थिति रही।

लग्जरी कारों के आराम को छोड़कर एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर पहुंचने का एक नया तरीका चुना है। टाइगर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह बड़े मियां छोटे मियां के सेट पर जाते समय अपनी स्केट्स में तेज गति से लुढ़कते हुए देखे जा सकते हैं।

## उर्वशी रौतेला का हुस्न सिल्वर ड्रेस में दमका

कोई भी शीयर आउटफिट्स को देखना बंद नहीं करना चाहता और यही सच्चाई है। बार-बार, बॉलीवुड सेलेब्स ने फैशन पुलिस को चौंका देने के लिए अपने ग्लैमरस डिजाइनर-भरे वार्डरोब को दर्शाया है। साड़ियों से लेकर ग्लैमरस गाउन तक, हमने उन सभी को यह सब देखा है और हम उनपर फिदा हो गई हैं। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर अपने कातिलाना फैशन और लुक्स से दर्शकों को प्रभावित करने के लिए किया है। क्या किसी को गाउन की जरूरत है? उर्वशी रौतेला के लेटेस्ट लुक में एक ऐसा आउटफिट है जो आपकी एक परफेक्ट इंस्पिरेशन बन सकता है। उर्वशी का पहनावा ताज़ा और आकर्षक से कम नहीं है। उर्वशी को एक सिल्वर टू पीस



सीक्रें शियल ड्रेस पहने हुए देखा गया था जो उनकी कमर के चारों ओर पूरी तरह से फ्लॉन्ट हो रही थी। गर्दन के ऊपर एक गोल पैटर्न के साथ एक वेस्टकोट डिजाइन और एक हाई स्लिट कट के साथ एक लंबी स्कर्ट की विशेषता, अभिनेत्री ने न्यूनतम लुक के साथ अपने सिल्वर ग्लिमर गेम को निखारा। उर्वशी ने अपने लहराते बाल खुले छोड़े, पूरी तरह से पंक्तिबद्ध आईलाइनर, चमकदार होंठ और ब्लश किए हुए गाल उसके पूरे लुक को चार चांद लगा रहे थे।अपने सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने अपने कुछ कातिलाना वीडियोस शेयर किये जिसमे वे एक कातिलाना हुस्न परी से काम नहीं लग रही थी7 अपने सेल्फी गेम में महारत हासिल करने के साथ-साथ उर्वशी ने हमारी सांसें भी थाम लीं। जैसे ही अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी यह पोस्ट शेयर की तोह कुछ ही समय में ढेर सारे लाइक्स बटोरे। आपको एक्ट्रेस का ये आउटफिट कैसा लगा हमें जरूर बताएं।

## यह एक ऐसा शो है जिसने मुझे मेरी 'जुनूनियत' यानी अभिनय को एक्स्प्लोर करने में मदद की:नेहा राणा

**हमें इस शो के बारे में कुछ बताइये?**




**उत्तर :** 'जुनूनियत' एक म्यु जिकल लव स्टोरी है, जिसमें म्युजजिशियन बनने की तमन्नाह रखने वाले तीन लोगों की कहानी है। इस शो में तीन सिंगर्स - इलाही, जहान और जॉर्डन के परस्पर विपरीत जज़्बात और जुनून दिखाए गये हैं। साथ ही इसमें दिखाया गया है कि संगीत कैसे जहान और इलाही को मिलाता है, लेकिन जॉर्डन की इलाही को पाने की जिद उनके प्या र और संगीत की कोशिश को बदल कर रख देती है। किरदारों के बीच गहरे जज़्कबातों और केमिस्ट्री को देखना दिलचस्पो होगा।

**अपने किरदार के बारे में आप क्याा कहेंगी? आप उससे कितना मेल खाती हैं?**

**उत्तरः** मैं इलाही की भूमिका निभा रही हूँ, जो शास्त्रीउय संगीत में प्रशिक्षित गायिका है। वह 22 साल की है और रॉकस्टोर बनने का सपना देखती है। यह सपना उसकी निजी जीत है, जो कि बचपन में अपनी माँ के द्वारा छोड़ दिये जाने से मिले घाव को भरने में उसकी मदद करता है। उसे उसकी दादी और पिता ने पाला है। लगभग 24*7 संगीत श्रोता के तौर पर मैं उस प्याकर को समझ सकती हूँ, जो इलाही को कला से है। मुझे इलाही की तरह संगीत से शांति और सुख मिलता है। यह किरदार कई पहलूओं में मुझसे मेल खाता है और मैं सोचती हूँ कि एक दर्शक के तौर पर भी मैं इलाही का सफर देखना चाहूंगी, क्योंकि वह सदमे को झेलते हुए भी अपने सपनों को साकार करने का निश्चकय करती है।

**दर्शकों के लिये आपका क्याउ संदेश है?**

**उत्त.रः** मैं लगातार समर्थन के लिये सभी प्रशंसकों का शुक्रिया करती हूँ। इलाही की भूमिका में दिखने को लेकर मैं रोमांचित हूँ और उम्मींद करती हूँ कि मेरे किरदार का संगीत और कोशिश उन्हें अपने जैसी लगेगी। 'जुनूनियत' के प्रोमो को उन्होंने जो प्याार दिया है, उसके लिये मैं आभारी हूँ।

## अभिनेता वरुण भगत को फिटनेस से प्यार है


फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत के बाद से, वरुण भगत ने सभी के दिलो में अपनी एक अलग ही जगह बनाई है। जबकि उन्होंने लगातार ग्रे किरदार निभाए हैं, फिल्म उद्योग में किसी भी अन्य प्रमुख व्यक्ति की तरह



खुद को फिट रखने की बात आने पर वह किसी से कम नहीं हैं। फिटनेस के लिए उनका प्यार उनके इंस्टाग्राम पर बहुत स्पष्ट दीखता है, क्योंकि वह अपने सभी फैंस को प्रेरित करने और उन्हें जिम प्रेरणा देने के लिए अपने वर्कआउट रूटीन के छोटे-छोटे वीडियोस इंस्टाग्राम पर साझा करके उनके प्रेरित करते है जो देख कर आप भी हो जायेगा प्रेरित और रह जायेगे चौक। वरुण भगत पूरी तरह से हम सभी के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं और यहां कुछ वीडियो हैं जो आपको आज ही जिम शुरू करने के लिए प्रेरित करेगाः अपना वजन कम करें और सभी दबे हुए तनाव से छुटकारा पाएं। यहां वरुण भगत का एक वीडियो है जो एकदम ज़्यादा इंटेंस वर्कआउट करते हुए अपनी बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रहे है। अपनी स्किप्पिंग रोप्स उठाओ। वरुण ने स्किपिंग रोप्स के साथ बिना थके वर्कआउट करते हुए एक और प्रेरणादायक वीडियो पोस्ट किया। हम इस फिटनेस आइकन से प्रेरित हुए बिना नहीं रह सकते।

## अभिनेत्री ने अपने जन्मदिन की योजनाओं पर कहा

जन्मदिन हम सभी के लिए साल के सबसे खास दिनों में से एक होता है। शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्राप्त करना और अपने विशेष दिन को अपने कुछ खास लोगो के सात अपना जन्मदिन मनाना हम सभी को बहुत खुश करता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आज टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक अभिनेत्री काशिका कपूर का बर्थडे है. अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है और अपने सभी प्रशंसकों को अपनी दैनिक गतिविधियों और अपनी आगामी परियोजनाओं के साथ अपडेट करती रहती है। और आज अभिनेत्री ने अपने खास दिन पर बहुत कुछ बाते साझा की है और सात ही में आज अभिनेत्री ने अपनी डेब्यू फिल्म के शीर्षक की भी घोषणा की है। काशिका के लिए यह साल कैसा रहा, इस बारे में बात करने पर, अभिनेत्री कहती हैं, मैंने इस साल बहुत कुछ सीखा है, जिसमें विवरणों पर ध्यान देने का महत्व भी शामिल करना है,अब जब हम



सभी देख चुके हैं कि कितना अप्रत्याशित जीवन हो सकता है, अपने भीतर की आवाज को सुनना और भी महत्वपूर्ण है। और चाहे कुछ भी हो, कड़ी मेहनत करें क्योंकि सपने सच में सच होते हैं और मैने अपना होता हुआ देखा है। आगामी वर्ष के लिए मेरा लक्ष्य यह पता लगाना है कि मैं कौन हूं, एक कलाकार के रूप में विकसित होना, और अपने दर्शकों के साथ हर उस भाषा में प्रदर्शन करके जुड़े रहना चाहती हु। मैं और भी अधिक मेहनत करना चाहती हूं, अपनी बकेट लिस्ट से सब कुछ टिक करना चाहती हु, और अपने माता-पिता को मुझ पर गर्व करवाना चाहती हु। मैं आने वाले वर्ष के लिए अपने अगले कुछ उपक्रमों की घोषणा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। लेकिन आज मेरे सभी प्रशंसकों के लिए एक छोटा सा आश्चर्य है क्योंकि मैं अपनी फिल्म के शीर्षक की घोषणा कर रही हूं जो है ÷आयुषमती गीता-(मैट्रिक पास)÷ तो मैं सिर्फ इतना कहूंगी कि मेरे सभी प्रशंसक मुझे अधिक प्यार करते है और हमेशा प्यार करते रहे और मेरी आगामी फिल्म को भी बेहद प्यार दे

## आदित्य रॉय कपूर की 'राष्ट्र कवच ओम' का प्रीमियर,

रक्त रहे या ना रहे, राष्ट्र हमेशा रहेगा... देश भक्ति के इसी जज़्बे से सराबोर है फिल्म 'राष्ट्र कवच ओम', जो इस रविवार 19 फरवरी को एंड पिक्चर्स के जरिए आपके टेलीविजन स्क्रीन्स पर दस्तक देने जा रही है। नवोदित डायरेक्टर कपिल शर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म आदित्य रॉय कपूर की पहली संपूर्ण एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जो देशभक्ति, विश्वास और विश्वासघात की एक दिलचस्प कहानी है। इस एक्शन एडवेंचर फिल्म में जैकी श्रॉफ, आशुतोष राणा और प्रकाश राज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इस रोमांचक कहानी में जोश से भरे कई दमदार पल हैं, और यह सभी एक्शन प्रेमियों के लिए देखने लायक फिल्म है। जबर्दस्त एक्शन के साथ दिल में गहरे राज़ लिए ओम आपको अपनी सीट से बांध लेगा। यह फिल्म एक पैरा कमांडो ओम राठौर का सफर दिखाती है, जो परमाणु हमले से देश की रक्षा करने के लिए कवच की खोज के मिशन पर है। अपने रास्ते में आने वाले तमाम दुश्मनों से मुकाबला करते हुए ओम अपनी जान दांव पर लगाकर अपनी बहादुरी साबित करता है।

# मैंने मशहूर रैपर्स के वीडियोज देखकर रैप करना सीखा

**हमें इस शो के बारे में कुछ बताइये?**

उत्तर ÷ 'जुनूनियत' एक म्यु।किल लव स्टोहरी है, जिसमें म्यु जिशियन बनने की तमन्नां रखने वाले तीन लोगों की कहानी है। इस शो में तीन सिंगर्स - इलाही, जहान और जॉर्डन के परस्पर विपरीत जज़्बात और जुनून दिखाए गये हैं। साथ ही इसमें दिखाया गया है कि संगीत कैसे जहान और इलाही को मिलाता है, लेकिन जॉर्डन की इलाही को पाने की जिद उनके प्यासर और संगीत की कोशिश को बदल कर रख देती है। किरदारों के बीच गहरे जज़्पबातों और केमिस्ट्री को देखना दिलचस्पा होगा।

**अपने किरदार के बारे में आप क्यो कहेंगे? आप उससे कितना मेल खाते हैं?**

**उत्तर :** मैं 'जुनूनियत' में जॉर्डन का किरदार करते हुए रोमांचित हूँ। वह एक पेचीदा किरदार है, जिसकी कई परतें और चाहतें हैं और मैंने इस शो में उसके सफर का पूरा मजा लिया है। संगीत के लिये जॉर्डन की महत्वोकांक्षा और प्यानर मुझसे मेल खाता है, लेकिन जिन्देगी को लेकर मेरा नजरिया उससे बहुत अलग है। जॉर्डन का किरदार निभाना एक चुनौती रहा है, लेकिन मैं सोचता हूँ कि शो के आगे बढ़ने के साथ उसमें जो बदलाव होंगे, वे दर्शकों को पसंद आएंगे। मैं यह देखने के लिये उत्सोुक हूँ कि दर्शक जॉर्डन और उसकी कहानी के बारे में क्या सोचते हैं।

**आपने इस शो के लिये हामी कैसे भरी?**

**उत्तर :** मुझे नई चीजों को आजमाने और ऐक्टहर के तौर पर खुद की खोज करने का जुनून है। जब मैंने 'जुनूनियत' की स्टोंरीलाइन पहली बार सुनी, तब ही वह मुझे भा गई थी। इस शो का नैरेटिव कई परतों को खोलता है और ऐसे विषयों को छूता है, जो मेरे जीवन को आकार देने वाले रहे हैं। मैं जॉर्डन का किरदार निभाता




हुआ दिखूँगा, जो एक संगीतकार है और उसकी शैली है रैप और हिप-हॉप। मुझे यकीन है कि दर्शक उसका सफर देखकर रोमांचित होंगे। मैंने इस तरह का किरदार पहले कभी नहीं किया है और जब यह भूमिका मुझे मिली, तब तुरंत इसमें मेरी दिलचस्पीी जाग गई। मुझे इसके लिये 'हाँ' करना पड़ा।

**'बिग बॉस 16', 'पिंजरा खूबसूरती का' और 'तंत्र' के बाद 'जुनूनियत' के लिये एक बार फिर कलर्स से जुड़कर कैसा लग रहा है?**

**उत्तर :** मैं 'जुनूनियत' के लिये कलर्स के साथ एक बार फिर जुड़कर रोमांचित हूँ। ऐसे चैनल का भरोसा पाना बेहतरीन लगता है, जो तरह-तरह का और भरपूर मनोरंजन देता है। मैं ड्रीमियाटा एंटरटेनमेंट और कलर्स के साथ मिलकर काम करते हुए और ऐसी भूमिका निभाते हुए रोमांचित हूँ, जिसे मैंने पहले कभी नहीं आजमाया है। मुझे दर्शकों से वैसा ही प्याोर और समर्थन मिलने की उम्मीहद है, जैसा कि उन्हों ने 'बिग बॉस 16' में मुझे दिया था। मैं इस रोमांचक नये प्रोजेक्ट् पर प्रोड्यूसर्स सरगुण मेहता और रवि दुबे के साथ काम करने को लेकर आशावान हूँ। और ऐक्टकर के तौर पर मैं उत्सुक हूँ कि दर्शक मुझे एक नई रोशनी में, पहली बार एक रैपर के रूप में देखेंगे।


**आप ड्रीमियाटा प्रोडक्शंरस के साथ पहली बार चंडीगढ़ में शूटिंग करेंगे, इसे लेकर आप कितने रोमांचित हैं?**

**उत्तर :** चंडीगढ़ महान संगीतकारों की धरती है और हमें संगीत पर आधारित अपने शो की शूटिंग के लिये उससे बेहतर जगह नहीं मिल सकती थी। वह मेरे लिये दूसरे घर जैसा भी है और वहाँ मेरे कई दोस्तउ हैं। मुझे वहाँ का माहौल और खाना पसंद है। जब मुझे पता चला कि हमारी टीम चंडीगढ़ में शूटिंग करेगी, तब से ही मेरी योजनाएं बनने लगी थीं। वहाँ शूटिंग के लिये मैं काफी रोमांचित था। मुझे अलग शहर में शूटिंग करने का आइडिया बहुत लुभाता है, क्योंकि इस तरह नए लोगों से मिलने का मौका मिलता है और लोकेशन बदलने से शूटिंग का अनुभव ज्या,दा खास और यादगार हो जाता है।

**अपने साथी कलाकारों अंकित गुप्ता और नेहा राणा के साथ काम करने को लेकर आप कितने उत्सुक हैं?**

**उत्तर :** अंकित और मैं अच्छेु दोस्तर हैं। जब हम 'बिग बॉस 16' के घर में थे, वहाँ हमारा अच्छाब रिश्तां था और दोस्तीस की शुरूआत हो चुकी थी। इसके अलावा, अंकित और मेरी कई चीजें कॉमन हैं, जिससे हमारा रिश्ता् मजबूत हुआ है। मैं 'जुनूनियत' में नेहा राणा के साथ पहली बार काम कर रहा हूँ और मुझे लगता है कि ऐक्टिंग को लेकर वह आसक्त और जुनूनी हैं। ऐसे साथी कलाकार से हमेशा मदद मिलती है, जिसे कला से प्या र हो।


## राजेश,अनीता भाभी और यशोदा ने भारत के सबसे प्रतिष्ठित शिव मंदिरों में लिया आशीर्वाद



भारत के सबसे बड़े और पवित्र त्यौहारों में से एक महाशिवरात्रि मनाने के लिये एण्डटीवी के कलाकार कामना पाठक (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन'), विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं') और नेहा जोशी (यशोदा, 'दूसरी माँ') ने भगवान शिव के मंदिरों में जाकर दर्शन किया। विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी) ने विश्व-प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर के शिव महोत्सव में शामिल होने के लिये अपने होमटाउन वाराणसी की यात्रा की। कामना पाठक (राजेश सिंह) अपने होमटाउन इंदौर गईं और फिर उज्जैन में भगवान शिव के सबसे श्रद्धेय मंदिरों में से एक महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के भव्य उत्सव में शामिल हुईं। नेहा जोशी (यशोदा) ने हरिद्वार के प्रसिद्ध शिव मंदिर शिव की पौड़ी जाकर आशीर्वाद लिया।

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं कामना पाठक ने उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के विषय में बताते हुए कहा, ''महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि का एक अनूठा उत्सव मनाया जाता है। इस समय मंदिर में नौ रातों का त्यौहार 'नवरात्रि' मनाया जाता है।

इस समारोह को श्रृंगार कहा जाता है और महाकाल (शिव) को तरह-तरह से सजाया जाता है। चूंकि, मैं इंदौर में रही हूँ, इसलिये महाशिवरात्रि के भव्य उत्सव को मैंने कई बार देखा है। लेकिन फिर भी हर साल यहाँ आना और इसमें शामिल होना मुझे अच्छा लगता है। महाशिवरात्रि के दौरान शहर का माहौल अलग होता है। मेरा सौभाग्य था कि मैं इस साल भारत के सबसे श्रद्धेय मंदिरों में से एक का अनुभव और आशीर्वाद ले सकी। मैं अपनी जिन्दगी में हर नई शुरूआत के लिये भगवान शिव का आशीर्वाद लेती हूँ। मैं अपने होमटाउन इंदौर भी लौटी और अपने फेवरेट स्ट्रीट फूड्स के स्वाद चखे और अपने चहेते सराफा बाजार में शॉपिंग की। इस ट्रिप के दौरान मैं इंदौर के अपने पुराने दोस्तों से भी मिली और बीते दिनों को याद किया।'' एण्डटीवी के भाबीजी घर पर हैं में अनीता भाबी बनीं विदिशा श्रीवास्तव ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया और कहा, ''महाशिवरात्रि का पवित्र त्यौहार पूरे देश मे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। लेकिन वाराणसी में इस त्यौहार की भव्यता अलग ही होती है, क्योंकि आखिरकार यह शिव



की नगरी है। इस पवित्र त्यौहार को यहाँ पूरे विश्वास और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस साल मुझे अपने होमटाउन लौटने और बाबा काशी विश्वनाथ से आशीर्वाद लेने का मौका मिला है। इस अवसर को यादगार बनाने का इससे बेहतर तरीका मैं नहीं सोच सकती थी। मंदिर को खूबसूरती से सजाया गया था और आशीर्वाद लेने लाखों शिवभक्त आये थे। यह आयोजन एक दिन का नहीं होता है। काशी विश्वनाथ में दो भक्त शिव और पार्वती की वेश-भूषा में होते हैं और अपने साथ सभी को नचाते हैं। विभिन्न आयोजनों में उनके विवाह की दूसरी रस्मों को भी भव्यता से



निभाया जाता है। वह सचमुच सपने जैसा अनुभव था।

यह भव्य समारोह देखने लायक था और लाखों शिवभक्तों के साथ ''हर हर महादेव'' बोलना आध्यात्मिक अनुभव था। इसके अलावा मैं कुछ पुरानी यादों को जीने के लिये अपने घर और स्कूल भी गई थी। अपने फेवरेट स्टाल्स पर जाकर मैं अपनी फेवरेट डिशेज पर टूट पड़ी, जैसे कि टमाटर चाट, समोसा, कचैड़ी, जलेबी और मलइयो। यह महाशिवरात्रि मेरे लिये असली उत्सव थी। मैं प्रार्थना करती हूँ कि भगवान शिव हमें आशीर्वाद देते रहें और हम 'भाबीजी घर पर हैं' के दर्शकों का मनोरंजन करते रहें।'' एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में यशोदा की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने हरिद्वार के प्रसिद्ध शिव की पौड़ी मंदिर के दर्शन के विषय में बताते हुए कहा, ''हरिद्वार में महाशिवरात्रि बड़े ही उत्साह से मनाई जाती है। और मेरा सौभाग्य है कि मैं इस पवित्र शहर में ऐसे जादुई पल की साक्षी बन सकी। मेरे दिन की शुरूआत गंगा आरती से हुई और फिर मैंने शिव मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया। मैंने प्रसिद्ध प्रकाशेश्वर महायात्रा भी देखी, जिसमें शिव के गण भूतों और राक्षसों के भेष में 'बम-बम भोले' का नारा लगा रहे थे और वह एक बेहतरीन अनुभव था। मैंने इस उत्सव के बारे में हमेशा सुना और तस्वीरें देखी थीं, लेकिन असल में इसे देखना सपने जैसा था। मैं आभारी हूँ और सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देती हूँ!''

## 'ध्रुव तारा समय सदी से परे'

प्यार की भावना का जश्नो मनाते हुए, सोनी सब के बहुप्रतीक्षित रोमांटिक ड्रामा, ÷ध्रुव तारा - समय सदी से परे÷ का प्रीमियर 20 फरवरी को रात 8 बजे होने जा रहा है। शो के मुख्य कलाकार, रिया शर्मा और ईशान धवन, जोकि क्रमशः तारा और ध्रुव की भूमिका निभा रहे हैं, अपनी जबर्दस्तज ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री से दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। इस शो में दो एकदम अलग-अलग लोगों की कहानी है जोकि दो बिल्कुदल अलग युगों से ताल्लुीक रखते हैं, लेकिन जब वे समय की सीमाओं में संबंधों की खोज करते हैं तो उनकी राहें आपस में मिलती हैं। रिया और ईशान को अक्सर सेट पर एक साथ रिहर्सल और अभ्यास करते हुए देखा जाता है, इससे उन्हें एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने और आपस में एक रिश्ताभ बनाने में मदद मिलती है और स्क्रीन पर भी यह साफ दिखाई देता है। इन दोनों ने वर्कशॉप में भी हिस्सां लिया है जिससे उन्हें अपने प्रदर्शन को एक नई धार देने में मदद मिली है। दर्शकों को इस शो के माध्यम से दर्शकों को 'प्याहर' का कॉन्सेकप्टन पसंद आए, इसके लिए दोनों कलाकार कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इन कार्यशालाओं से रिया और ईशान को अपना संकोच खत्मक करने और उन्हें एक-दूसरे के साथ बंधने और सहज होने में मदद मिली है। यह विभिन्न अभ्यासों और गतिविधियों के माध्यम से हासिल किया गया, जिससे ऐक्टर्स



को परफ़ॉर्मर्स के रूप में एक-दूसरे की ताकत को उजागर करने में आसानी हुई। इसके फलस्वरूप इन दोनों कलाकारों के बीच ज्यादा मजबूत और वास्तविक संबंध बना, जो निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आयेगा। वर्कशॉप के माध्यम से, रिया और ईशान ऑन-स्क्रीन बेहतरीन अभिनय करने में सक्षम हुए, वे एक-दूसरे की सबसे अच्छी बातों को लेकर सामने आए और अपना शानदार परफॉर्मेंस दिया । इसके अलावा, आगरा में आउटडोर शेड्यूल ने दोनों कलाकारों को एक साथ अधिक समय बिताने और एक दूसरे के साथ सहज होने का अवसर प्रदान किया। संबंधों को मजबूत बनाने का यह एक्स्ट्रा टाइम निश्चित रूप से स्क्रीन पर एक आकर्षक और लुभावनी प्रेम कहानी में परिणीत होगा। रिया शर्मा ने अपने अनुभवों के बारे में बताते हुए कहा, ÷कार्यशालाएं मेरे लिए वास्तव में ज्ञान बढ़ाने वाला अनुभव थीं। मुझे ईशान की अभिनय टेक्नी क्स् से जानकारी पाने और हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिला। मैं इस तरह की प्रतिभाशाली और मेहनती टीम के साथ सहयोग करने के लिए अत्यंत भाग्यशाली महसूस करती हूँ। हालांकि कार्यशालाओं में काफी सख्त परिश्रम करना पडा, लेकिन इनसे हमारे बीच एक प्यारा संबंध विकसित हुआ जो स्क्रीन पर भी दिखाई देता है,

## क्या पुष्पा उसे बचा सकेगी?

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में एक महिला का असाधारण सफर दिखाया गया है जोकि खुद के लिए एक गरिमामयी जिंदगी जीने की कोशिशों में लगी हुई है। इसमें पुष्पा पटेल की कहानी है, जोकि एक सिंगल मदर है और अपने बच्चोंन को जितनी हो सके, अच्छीा जिन्दकगी देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आने वाले एपिसोड्स में शो की कहानी थोड़ी गंभीर होने वाली है, क्योंोकि धरम रायधन (जयेश मोरे) की पहचान का सच जानने को लेकर पुष्पाा (करूणा पांडे) और राशि (देशना दुगड) के बीच ठन जाएगी। अब तक की कहानी में धरम रायधन को बोन मैरो की जरूरत पड़ती है। वसुंधरा (दीपाली पंसारे) पुष्पा के बच्चोंक को मनाने की कोशिश करती है, क्योंकि डोनर के तौर पर वे परफेक्टा मैच हैं। दूसरी ओर, घटनाओं के एक मोड़ में राशि को अपने पिता का सच पता चल जाएगा। इस पर राशि हैरान हो जाएगी और अपनी माँ से सवाल करेगी, जिस पर उसने अब तक आँख बंद करके भरोसा किया है। जब राशि अपने पिता के सच का खुलासा करेगी, तब क्याा राशि और पुष्पान के बीच का भरोसा डगमगा जाएगा? राशि की भूमिका निभा रहीं देशना दुगड ने कहा, ÷मेरे किरदार राशि ने हमेशा अपनी माँ का पूरा समर्थन किया है, क्योंगकि वह अपनी और अपने परिवार की जिन्दनगी बदलना चाहती थी, लेकिन ऐसा पहली बार होगा कि राशि अपनी माँ के खिलाफ खड़ी होगी और स्क्रीऔन पर इतने इंटेन्सम इमोशंस दिखाएगी। मैं असल जिन्दकगी में अपनी माँ के बहुत करीब हूँ और समझ सकती हूँ कि एक बेटी होने के नाते राशि किन हालातों से गुजरेगी और क्यान महसूस करेगी।

## 'वागले की दुनिया' में राजेश और मनोज के बीच होगी बहस

सोनी सब का स्लावइस ऑफ लाइफ फैमिली ड्रामा 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्सेस' अपने प्याारे किरदारों और प्रासंगिक कहानियों से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हुआ है। 'वागले की दुनिया' विचारों को झकझोरने वाला और दिल को सुकून देने वाला शो है, जिसमें एक मध्यकम-वर्गीय परिवार के रोजमर्रा के संघर्ष दिखाए जाते हैं। आने वाले एपिसोड्स में राजेश वागले (सुमीत राघवन) अपने गुस्सैगल भाई मनोज (विपुल देशपांडे) के साथ तीखी बहस करेगा।

'वागले की दुनिया' के अगले कुछ एपिसोड्स में दर्शक मनोज को सखी की निजी जिन्दनगी में दखल देते देखेंगे, जिससे राजेश को गुस्साा आएगा। राजेश ने अपने स्वनभाव के मुताबिक हमेशा अपने भाई की बातों को शांति और संयम से झेला है।

लेकिन मनोज द्वारा लगातार वागले परिवार की सीमाएं लांघे जाने पर राजेश आखिरकार पलटवार करेंगे। दोनों भाइयों के बीच यह तीखी बहस यकीनन दर्शकों को चौंका देगी। क्याज राजेश अपना शांत स्वगभाव छोड़कर आखिरकार मनोज के खिलाफ खड़े हो जाएगा?

## आयुध भानुशाली की मां ने उनके जन्मदिन पर उन्हें दिया ढेर सारा प्यार और कई उपहार

एण्डटीवी के फैमिली ड्रामा 'दूसरी माँ' में कृष्णा का किरदार निभा रहे आयुध भानुशाली का 15 फरवरी को जन्मदिन है। उनके जन्मदिन का जश्न एक हफ्ते पहले ही शुरू हो चुका है और उनकी मां उनके बर्थडे के काउंटडाउन के रूप में हर दिन उन्हें उपहार देकर अपना प्यार जता रही हैं। आयुध अपना बर्थडे सेलीब्रेट करने को लेकर बेहद खुश हैं और अपनी इस खुशी का इजहार करते हुये उन्होंने कहा, ''किसी के लिये भी उसका जन्मदिन साल का सबसे अच्छा दिन होता है।



मुझे हमेशा से ही अपना जन्मदिन मनाना, बर्थडे पार्टी के लिये अपने दोस्तों को घर बुलाना या अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जन्मदिन का जश्न मनाना बहुत अच्छा लगता है। लेकिन मेरी मां इस साल मेरे जन्मदिन को और भी खास बना रही हैं और उन्होंने मेरा बर्थडे आने तक पूरे हफ्ते हर दिन मुझे तोहफे देने का प्लान बनाया है। उन्होंने कहीं पर जरूर मेरा सीक्रेट विशलिस्ट देखा होगा और मैं जो कुछ भी खरीदना चाहता था, उसे उपहार में देने की कोशिश कर रही हैं। यह बेहद मजेदार और रोमांचक है। मुझे ढेरों तोहफे मिल रहे हैं, जिनमें स्मार्टवॉच से लेकर टेम्परेचर बॉटल और मेरा पसंदीदा गेम शामिल है। तोहफों के साथ ही मुझे अपना पसंदीदा खाना खाने का भी मौका मिल रहा है। मैं यह देखने के लिये बेहद उत्सुक हूं, कि मेरे जन्मदिन के दिन मुझे कौन सा बड़ा उपहार मिलेगा। हालांकि, अपने शूटिंग शेड्यूल की वजह से मैं घर से दूर हूं, लेकिन सेट पर अपना जन्मदिन मनाऊंगा। मुझे उम्मीद है कि मेरी ऑन-स्क्रीन फैमिली से मुझे और भी उपहार मिलेंगे। मेरे पापा भी मेरे जन्मदिन के जश्न में शामिल होंगे और मेरे साथ समय बितायेंगे। मैं बहुत बेसब्री से अपने जन्मदिन का इंतजार कर रहा हूं।'' उन्होंने आगे कहा, ''मैंने हमारे शो 'दूसरी माँ' के सेट पर बहुत सारा समय बिताया है। इससे जुड़े सभी लोग और बाकी के कलाकार मेरे परिवार की तरह बन गये हैं। हम एकसाथ हंसते हैं, खेलते हैं और हर पल का आनंद उठाते हैं। उनके बिना कोई भी जश्न अधूरा है। मैं उनके साथ केक काटूंगा और उन्हें पार्टी भी दूंगा। जयपुर यहां की कचैड़ियों और मिठाईयों के लिये मशहूर है, जो मेरी पार्टी के मेन्यू में शामिल होंगे। अपने रील और रियल फैमिली के अलावा, मैं अपने फैन्स के साथ भी अपना बर्थडे सेलीब्रेट करूंगा और उनके सपोर्ट के लिये उनका शुक्रिया अदा करूंगा। मैं सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की शुभकामनायें, संदेश, पोस्ट और कमेंट्स पढ़ने के लिये उत्सुक हूं। मेरे लिये ये वाकई में बहुत मायने रखते हैं। अपने प्रशंसकों का यही प्यार और लगाव मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस देने के लिये प्रेरित करता है।''

## होगा हाई वोल्टेज ड्रामा

एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर है' में इस हफ्ते हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिलेगा। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ''यशोदा (नेहा जोशी) कृष्णा (आयुध भानुशाली) को एक अनाथाश्रम में छिपा हुआ पाती है और उससे अपने साथ घर चलने के लिये कहती है, लेकिन वह मना कर देता है। यशोदा तब कृष्णा को अपनी भावनायें प्रकट करने के लिये फुसलाती



है और उसे घर लौटने के लिये मना लेती है। हालांकि, जब वह कृष्णा को घर लेकर आती है, तो दादाजी (सुलीन दत्त) यशोदा से कृष्णा को घर से बाहर निकाल देने के लिये कहते हैं।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, ''कमिश्नर (किशोर भानुशाली) की बहन, रेशमा को अविवाहित लड़कों के साथ भाग जाने की आदत है। इसलिये हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को रेशमा की निगरानी करने की ड्यूटी दी जाती है और उससे कहा जाता है कि वह साये की तरह उसके साथ रहे और उसे एक पल के लिये भी आंखों के सामने से ओझल नहीं होने दे! हप्पू जब रेशमा के साथ घर आता है, तो जैसे ही उसकी मुलाकात कमलेश (संजय चैधरी) से होती है, वह उसे पसंद करने लगती है और उसका पीछा करने लगती है!'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अनीता भाबी कहती हैं, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) घर पर नहीं है और इस बात का फायदा उठाते हुये विभूति (आसिफ शेख) का दोस्त प्रेम (विश्वजीत सोनी) उन दिनों का जश्न मनाने की योजना बनाता है, जब वे कुंवारे थे। हालांकि, तिवारी (रोहिताश्व गौड़) अनीता को इस बारे में बता देता है और वह उन्हें रंगे-हाथों पकड़ने के लिये घर लौट आती है। इस स्थिति से बचने के लिये विभूति कजिन्स के साथ होने का बहाना बनाता है।''

## 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' पर भारत में सामाजिक न्याय के लिए किए गए बाबासाहेब के योगदान को याद किया गया

'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' (वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस) हर साल 20 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन हम सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की जरूरत को स्वीकार करते हैं। सामाजिक न्याय में गरीबी, बहिष्करण, लैंगिक असमानता, बेराजगारी, मानव अधिकार, और सामाजिक सुरक्षा जैसी समस्याओं को दूर करने के प्रयास शामिल हैं। डॉ बी. आर. आम्बेडकर प्रेरणादायक नेताओं में से एक थे जिन्होंने सामाजिक व्यवस्था को चुनौती दी। उन्होंने शिक्षा, जातिवाद, असमानता, और मानव एवं महिला के अधिकारों से संबंधित विभिन्न नीतियों की हिमायत करते हुए सामाजिक न्याय का बिगुल फूँका। एण्डटीवी के 'एक महानायक - डॉ बी.आर.आम्बेडकर' के प्रमुख कलाकारों अथर्व (भीमराव), नारायणी महेश वरणे (रमाबाई) और जगन्नाथ निवानगुणे (रामजी सकपाल) ने भारत में सामाजिक न्याय के प्रति बाबासाहेब के असीम योगदान पर बात की।

अथर्व, जो युवा भीमराव की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा कि, ÷डॉ बी.आर.आम्बेडकर अन्याय और समानता के कट्टर विरोधी थे। उनके विचार से जीवन में सामाजिक, सांस्कृतिक या आर्थिक, किसी भी बाधा पर विजय प्राप्त करने के लिए शिक्षा एकमात्र साधन है। उन्होंने जातिगत भेद-भाव और समानता की जंजीरों को तोड़ने के लिए शिक्षा का सहारा लिया। बाबासाहेब दक्षिण एशिया में अर्थशास्त्र के पहले पीएचडी और अर्थशास्त्र में दो-दो डॉक्टरेट डिग्री प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति थे। वे विदेश में अर्थशास्त्र में डॉक्टोरल डिग्री की पढ़ाई करने वाले पहले भारतीय थे और अपनी पीढ़ी के सबसे ज्यादा शिक्षित भारतीय थे। बाबासाहेब का जीवन और शिक्षाएँ अनेक



लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर आइए हम उनकी इस आस्था को याद करें कि एकमात्र शिक्षा ही सामाजिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।÷ रमाबाई की भूमिका निभा रहीं, नारायणी महेश वरणे ने कहा कि, ÷अपने पूरे जीवनकाल में बाबासाहेब ने भारत में महिलाओं के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी और उनकी सुरक्षा को लेकर अनेक उपायों पर काम किया। वे उन पहले नेताओं में से एक थे जिन्होंने महिला सशक्तिकरण की वकालत की। उन्होंने जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी की परिकल्पना की और भारतीय महिलाओं के मतदान करने, तलाक देने और संपत्ति का स्वामित्व ग्रहण करने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने हिन्दु विवाह अधिनियम, हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, अभिभावक अधिनियम और हिन्दू कोड विधेयक को पारित करके महिलाओं के अधिकारों को मुखर किया। उन्होंने महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़े होने के लिए प्रोत्साहित किया। नारियों की समानता पर डॉ आम्बेडकर के कार्यों का जश्न मनाने के लिए विश्व सामाजिक न्याय दिवस से बढ़िया और कोई दिन नहीं हो सकता। रामजी सकपाल का किरदार निभा रहे जगन्नाथ निवानगुणे ने कहा कि, डॉ आम्बेडकर एक दूरदर्शी नेता और सामाजिक न्याय के प्रवर्तक थे। उनकी यह आस्था कि भारत की राष्ट्रीय एकता और स्थिरता के पोषण का एकमात्र रास्ता एक राष्ट्र, एक संविधान के एकीकृत संहिता की स्थापना के माध्यम से ही निकल सकता है।

## एक नजर

### चर्मरोग विशेषज्ञ अब आपके शहर बीजापुर में




**बीजापुर, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ. सुग्गू रामू जिला अस्पताल बीजापुर में 17 फ्रवरी दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे एवं 3 बजे से 5 बजे तक कक्ष क्रमांक 06 में उपलब्ध रहेंगे। जहां चर्मरोग से संबंधित बीमारी कुष्ठ रोग, यौन संचारी रोग (सुख्य व्याध) कील मुहासे, झाईंया, आंखों के नीचे आए काले घेरे का उपचार, एंटी एजिंग, केश (बाल) रोग संबंधित ईलाज, बालों का पुन: विकास नेल नाखून ट्रीटमेंट का ईलाज किया जाएगा। इसके अलावा डॉक्टर प्रतिमाह दो दिवस जिला अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे। बाकी दिन टेली परामर्श से ईलाज किया जाएगा।

### सलाहकार समिति का गठन

**बीजापुर, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा 17 की उपधारा 5 के अधीन जिला बीजापुर हेतु निम्नानुसार सलाहकार समिति का गठन किया जाता है। जिसमें अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपाध्यक्ष डॉ. मदन मोहन स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सदस्य डॉ. वेंकट रमन्नाराव स्त्री रोग विशेषज्ञ, ज्योति कुमार विधि विशेषज्ञ, दिनेश नेताम सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग, बीआर नरवरिया सेवानिवृत्त प्राचार्य, मो. अयूब खान सामाजिक कार्यकर्ता मूस्लिम समाज, श्रीमति सूर्या कुलदीप, सामाजिक कार्यकर्ता ईसाई समाज को नियुक्त किया गया है।

### आपके द्वार आयुष्मान योजना 4.0

**बीजापुर, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और डॉ. खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत जिले के कुल 2 लाख 21 हजार सदस्यों में से 1 लाख 25 हजार सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चूका है। सभी अस्पतालों एवं च्वॉईस सेंटरों में अब नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनावाये जा रहे है। जिसका उपयोग के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने यह जानकारी दी की प्राथमिकता एवं अंत्योदय तथा 2011 के आर्थिक जनगणना वाले परिवारों को 5 लाख एवं अन्य राशन कार्ड धारी परिवारों को 50 हजार तक का देश के किसी भी पंजीकृत निजी एवं शासकीय अस्पताल में मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध किया जा सकता है। कलेक्टर जिला बीजापुर ने जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि समस्त हितग्राही अभियान के अंतर्गत अपना आयुष्मान कार्ड बनावा लें। अधिक जानकारी के लिए जिले के कार्यालय मुख्य चिकत्सिा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर या टोल फ्री नम्बर 104 में संपर्क कर सकते हैं।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 से अधिक ट्रक चालक लाभान्वित



**बलौदाबाजार, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में हो रही बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं न्यूविको सीमेंट संयंत्र रिसदा के संयुक्त तत्वाधान में रिसदा ट्रक यार्ड में ही ट्रक चालकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 152 ट्रक चालक लाभांवित हुए है। शिविर में मुख्य रूप से आंख,शुगर एवं बीपी का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 100 वाहनों का फिटनेस टेस्ट भी परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के द्वारा किया गया। कलेक्टर रजत बंसल भी नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का जायजा लेने रिसदा पहुँचे। उन्होनें ट्रक चालको से रूबरू होकर दुर्घटनाओं के बढ़ते कारण एवं उनके समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की। बिहार के महनार से पहुंचे रंजीत पासवान ने बंसल को बताया कि वह विगत 26 सालों से ट्रक चला रहा हूं। मेरा स्वास्थ्य तो बहुत अच्छा है पर आंखों मे अब थोड़ी जलन होती है। जिससे रात को गाड़ी चलाते थोड़ी तकलीफहोती है। मैं पिछले माह आंख का टेस्ट कराया जिसमें मुझे चस्मा प्रदान किया गया। पर मैं निरन्तर उनका उपयोग नहीं कर पाता हूं जिस पर बंसल ने कहा कि सभी का जीवन अमूल्य है। आप चस्में का उपयोग अवश्य करें। इसी तरह नगपुरा के अनिल कुमार बंजारे, गढ़वा झारखंड के ललीत पाण्डेय, मधुपुरा के अभिषेक कुमार ने अपने अनुभव साझा किया। उक्त शिविर अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता, में स्वास्थ्य विभाग से सीएचएमओ डॉ एम पी महिश्वर डॉ.अविनाश केशरवानी, डॉ. वेगेश्वर यदु, सीएचओ दीपिका बंजारे, लैब टेक्निशियन रोहित वर्मा,आरटीओ से परिवहन निरीक्षक यशवंत साहू, श्रवण ध्रुव, चंद्रेश ध्रुव, ट्रैफिक से प्रताप सिंह,गजानंद शर्मा एवं सीमेंट संयंत्र की ओर से श्रवण कुमार, धनंजय सिंह,ज्योति सिंह,शैलेंद्र सिंह, राजन सिंह, राजेंद्र उसावत का विशेष योगदान रहा। गौरतलब है कि विगत दिनों कलेक्टर रजत बंसल ने जिले बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। जिसके चलते सभी सीमेंट संयंत्रों को ट्रक चालको के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिए है।

### अपीलार्थी को गुमराह करना जनसूचना अधिकारी को पड़ा महँगा

# नपा के दो अधिकारियों पर राज्य सूचना आयोग ने लगाया 25 हजार का जुर्माना

- अपने ही झूठ के बुने जाल में फंसी बलौदाबाजार नगरपालिका
- अपीलार्थी एवं आयोग को नस्ती गुम का बहाना बनाकर किया जा रहा था गुमराह
- राज्य सूचना आयोग के आदेश के बावजूद जनसूचना अधिकारी 46 माह से नस्ती गुम का बहाना बताकर एक एफआईआर तक नहीं कराई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने प्रकरण क्रमांक ए/3393/2019 के सुनवाई 15 फरवरी के दौरान बलौदाबाजार के अपीलार्थी नरेश गनशानी जिला प्रतिनिधि इस्पात टाइम्स के पक्ष में दिया अभूतपूर्व फैसला द्य सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत अपीलार्थी द्वारा चाही गयी जानकारी को देने में नगरपालिका बलौदाबाजार के तत्कालीन जनसूचना अधिकारी एवं उप अभियंता नेमीचंद वर्मा सहित संबंधित विभाग के तत्कालीन उप अभियंता भोलाराम पटेल बरत रहे थे कोताही जिस पर राज्य सूचना आयोग के आयुक्त धनवेन्द्र जायसवाल ने निर्णय लेते हुए संबंधित दोनों ही अधिकारियों को 25-25 हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया हैं तथा नगरीय प्रशासन को निर्देश दिया हैं कि ये राशि वसूली कर सरकारी खजाने मे जमा की जाये। उल्लेखनीय है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रत्येक नागरिक को अधिकार हैं कि वो शासन द्वारा संचालित किसी भी कार्यालय से निर्धारित मापदंडों के तहत जानकारी ले सकता है तथा शासन-प्रशासन के व्यवस्था के लिए पारदर्शिता अनिवार्य भी हैं और इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश भी लगाया जा सकता हैं।

मामला इस प्रकार है कि अपीलार्थी नरेश गनशानी ने 25 अप्रेल 2019 को नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के जनसूचना अधिकारी एवं उप अभियंता नेमीचंद वर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर पी.आई.सी. की बैठक दिनांक 4 जुलाई 2015 के प्रस्ताव क्रमांक 17 में पारित ग्रीष्म कालीन में पेयजल व्यवस्था हेतु चलाये गये ट्रेक्टर-टेंकर के भुगतान के संबंध में जानकारी चाही थी द्य समयावधि में जानकारी नहीं मिलने पर अपीलार्थी द्वारा 28 मई 2019 को प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई जिस पर बिना सुनवाई के दिनांक 26 जुलाई 2019 को जनसूचना अधिकारी ने अपीलार्थी को वर्ष 2015-16 का कार्य आदि बताकर संबंधित नस्ती गुम होने का वास्ता देते हुए केवल कूटरचना से मनगढ़त औपचारिक पत्र स्थानीय पुलिस थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार को दिनांक 18 जुलाई 2019 को दिया गया द्य असंतुष्ट होकर अपीलार्थी ने 18 सितंबर 2019 को द्वितीय अपील राज्य सूचना आयुक्त के समक्ष की जिस पर अपीलार्थी ने आयोग को बताया कि पूर्व प्रकरण क्रमांक ए/945/2020 की भांति नगरपालिका के जनसूचना अधिकारी द्वारा फिर से नस्ती गुम हो जाने का फर्जी बहाना बनाकर आयोग और अपीलार्थी को गुमराह किया जा रहा और वर्ष 2010-11 के कार्य को 2015-16 बताकर भ्रमित किया जा रहा जिसका की कुल राशि 23,60,338/- रुपयों का भुगतान दिनांक 27 फरवरी 2016 को ठेकेदार नितेश शर्मा को किया जा चुका है द्य आयोग के समक्ष अपीलार्थी ने सारे साक्ष्य प्रस्तुत कर एफआई.आर. कराने की मांग की जिसे आयोग के आयुक्त द्व एम. के. राऊत व ए. के. अग्रवाल ने गंभीरता से लेते हुए 14 जनवरी 2021, 2 जून 2021 एवं 34 अगस्त 2022 के आदेश में जनसूचना अधिकारी को नस्ती गुम होने हेतु की गई पुलिस शिकायत के परिपेक्ष्य में एफआई.आर. दर्ज कराकर प्रति आयोग के समक्ष जमा करे, उसके बावजूद आज पर्यन्त तक उक्त संबंध में एफआई.आर. नहीं कराई गई जिससे आयोग के आदेश की अवमानना व भ्रम, झूठ फैलाकर अपीलार्थी सहित आयोग को भी गुमराह करना सिध्द हो गया द्य लगभग 46 माह से आवेदित पत्र पर नस्ती गुम हो जाने का एक एफआई.आर. तक नगरपालिका बलौदाबाजार नहीं करा पाई चूंकि प्रारम्भ से ही संबंधित विभाग जानबूझकर वर्ष 2010-11 के कार्य को वर्ष 2015-16 में बदलकर फंस चुका था, चूंकि वर्ष 2015-16 में उक्त कार्य हुआ ही नहीं था जिसका कि प्रमाण नगरपालिका दे पाती और एफआर.आर. करा पाती, नगरपालिका के अधिकारी समझ चुके थे कि यदि एफआई.आर. होगी तो झूठें अपराध में वे खुद फसते चले जायेंगे द्य छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने इस मामले में तत्कालीन जनसूचना अधिकारी नेमीचंद वर्मा वर्तमान में उप अभियंता नगरपालिका समोदा व संबंधित विभाग के उप अभियंता भोलाराम पटेल वर्तमान पदस्थापना नगरपालिका निगम जगदलपुर जिला बस्तर दोनों ही अधिकारियों को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए 25-25 हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया हैं।

अपीलार्थी नरेश गनशानी ने मिडिया के समक्ष बताया कि नगरपालिका बलौदाबाजार द्वारा वर्ष 2010-11 में पेयजल व्यवस्था हेतु टेंकर-ट्रेक्टर का टेंडर ठेकेदार नितेश शर्मा को दिया था जिसके भुगतान के संबंध में ठेकेदार ने प्रदेश सचिव नगरीय प्रशासन रायपुर को पत्र लिखा था जिसे सचिव महोदय ने प्रकरण को निरस्त कर दिया था जिसे कार्य प्रगति के ऑनलाइन में क्रमांक 1840 वर्ष 2012-13 में लगाया था द्य ऑनलाइन एंट्री अनुसार उक्त प्रकरण को 23 अप्रैल 2012 को निरस्त किया जा चुका था उसके बावजूद नगरपालिका बलौदाबाजार द्वारा 27 फरवरी 2016 को 23,60,338/- रूपये की इतनी बड़ी राशि का भुगतान ठेकेदार नितेश शर्मा को किये जाने से प्रतीत होता है कि पालिका के अधिकारियों ने उक्त प्रकरण में भारी भ्रष्टाचार किया गया है एवं किये गये भ्रष्टाचार को उजागर होने के डर से नस्ती गायब कर दी गई और अपीलार्थी और आयोग को कई तरह से झूठ, भ्रामक कहानी बनाकर कूटरचना रची गई जिससे अपने बुने जाल में नगरपालिका खुद फंस गई और संबंधित दोनों अधिकारियों को 25-25 हजार के अर्थ दंड से दंडित होना पड़ा।

## बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठी लौहनगरी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 19 फरवरी।** कांच के टुकड़ों के ऊपर कलाकार को नृत्य करते देख मौके पर उपस्थित लोग हुये हैरान लौहनगरी बचेली के रेल्वे कॉलोनी में स्थित लिंगेश्वर टेंपल प्रांगण में शनिवार दिनांक 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में संध्या भव्य आर्केस्ट्रा एवं नृत्य का आयोजन किया गया आयोजित इस कार्यक्रम का लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया लिंगेश्वर टेंपल प्रांगण में आयोजित संध्या आर्केस्ट्रा एवं नृत्य से कलाकारों ने देर रात तक कार्यक्रम को संजोये रखा था इस उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित कलाकारों में जे 1 कलाकार ने शीशे के टुकड़ों के ऊपर कुद कुद कर नृत्य करते हुए अपनी प्रस्तुति देते हुए उपस्थित लोगों को हैरान कर दिया हैरान ने अपनी अपनी कला की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं लिंगेश्वर टेंपल प्रांगण में श्रद्धालुओं ने एक-से-बढ़कर एक भक्ति गीतों का लुत्फ भी उठाया वही लौहनगरी बचेली बम-बम भोले के जयकारों से गुंज उठा वहीं सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में जल अर्पित करने लिए लंबी कतार में लगे हुये थे मंदिर के बाहर फूल, बेलपत्र, धतूरा की दुकानें सुबह से ही सजी हुई थीं मंदिर की चारों और भोलेनाथ के गीतों की गूंज सुनाई पड़ रही थीं।

**महाशिवरात्रि पर्व**



जगदलपुर, 19 फरवरी। आसना वन परिक्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत आसना द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

### हेपेटाइटिस से बचाव के लिए दी जा रही है जानकारी,लगाएं जा रहे है नि:शुल्क टीके

**बलौदाबाजार, 19 फ्रवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में हेपेटाइटिस की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए प्रयासों के अंतर्गत उच्च जोखिम समूह के रूप में चिन्हित वर्ग के लिए रोकथाम अभियान जारी है। आज इसके तहत जिला मुख्यालय के उपजेल बलौदाबाजार में निरुद्ध 110 बंदियों को हेपेटाइटिस का दूसरा डोज लगाया गया। इसके अतिरिक्त नगर पालिका के 31 स्वच्छता मित्रों के लिए भी एक जागरूकता कार्यक्रम करते हुए उन्हें टीका लगाया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम पी महिस्वर ने बताया कि, हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी बीमारी है, जो वायरल इन्फेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लिवर में सूजन आ जाती है। हेपाटाइटिस में 5 प्रकार के वायरस होते हैं, जैसे–ए,बी,सी,डी और ई। इसमें बी और सी अधिक घातक हैं जो लिवर सिरोसिस एवं कैंसर का कारण बन सकता है। हेपेटाइटिस के शुरुआती लक्षण बहुत स्पष्ट नहीं होते फिर भी जॉन्डिस या पीलिया पेशाब का रंग बदलना बहुत अधिक थकान उल्टी या जी मिचलाना पेट दर्द और सूजन खुजली भूख ना लगना या कम लगना अचानक से वज़न कम हो जाना यह कुछ ऐसे लक्षण हैं जिससे हेपेटाइटिस की आशंका हो सकती है. इस रोग की रैपिड टेस्ट जाँच उप स्वास्थ्य केंद्रों सहित प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो जाती गई जबकि वायरल लोड की जाँच जिला अस्पताल के वायरोलॉजी लैब में नि:शुल्क उपलब्ध है। यहाँ उपचार भी होता है। इसके साथ ही रोकथाम के प्रयासों के अंतर्गत क्षमता निर्माण बाबत विभाग द्वारा डॉक्टर्स,नर्स सहित पैरा मेडिकल स्टाफको प्रशिक्षित भी किया गया है. उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा भी उपस्थित रहे।

### इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने किया वनों में अग्नि की रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

# विद्यार्थियों को दिया अग्नि की रोकथाम का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 19 फरवरी।** इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के अंतर्गत कुटरू में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ईको विकास समिति के सदस्यों ग्रामीणों वन अधिकारी फायर वाचरो पेट्रोलिंग गार्ड छात्र-छात्राओं में अग्नि की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में वन अग्नि के प्रकार अग्नि लगने के कारण अग्नि से होने अग्नि से बचाव के उपाय अग्नि सीजन में अग्नि सुरक्षा को रणनीति के संबंध में उप निदेशक इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के धमशील गणवीर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में सोमारू राम नाग जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण सिंह कुरसम जनपद सदस्य लक्ष्मण सरपंच ग्राम पंचायत सागमेटा



विद्यम गोटा सरपंच रानी बोदली तुलसीराम तोड़सम अध्यक्ष समिति करकेली एवं कुटरू रानी बोदली सागमेटा उस्कापट्नम बेदरे तोयनार गुदमा मंगापेटा ताड़मेर के ग्रामीण तथा इद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के परिक्षेत्र कुटरू फरसेगढ़ पासेवाडा बीजापुर बफर भैरमगढ़ अभ्यारण के अधीक्षक परिक्षेत्र अधिकारी सीएफओ बीएफओ फॉयर वाचर पेट्रोलिंग गार्ड उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में धर्मशील गणवीर उप निदेशक इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के द्वारा वन्यप्राणियों वनवासियों से आपसी संबंध के बारे में बताया तथा अग्नि सुरक्षा के लिए जनभागिता/सहयोग हेतु अनुरोध किया गया उन्होंने आगामी दिनों में सभी रेजो के ग्राम पंचायतों ग्रामों में अग्निसुरक्षा कार्यशाला आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारियो छात्र-छात्राओं ग्रामीणों फायर वाचर पेट्रोलिंग गार्डो को यह - संकल्प दिलाया गया कि वनों में आग नहीं लगावे वन में आग लगे हुए दिखे उसे बुझाने एवं वन कर्मचारियो को वन की सुरक्षा, वन्य प्राणियों की रक्षा करने में सहयोग करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### एनएमडीसी ने सीएसआईआर-आईएमएमटी, भुवनेश्वर के साथ सहयोगी अनुसंधान करार पर हस्ताक्षर किए



**हैदराबाद, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी ने आज अपने मुख्यालय, हैदराबाद में सीएसआईआर–आईएमएमटी, भुवनेश्वर के साथ किम्बरलाइट टेलिंग्स से फ्यूज्ड मैग्नेशिया बनाने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन पर सहयोगी अनुसंधान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) दिलीप कुमार मोहंती, एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सीएसआईआर–आईएमएमटी के हाइड्रो एंड इलेक्ट्रोमेटलर्जी विभाग के मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. काली संजय की उपस्थिति में एस के चौरसिया, महाप्रबंधक, अनुसंधान एवं विकास एनएमडीसी तथा सीएसआईआर–आईएमएमटी के रणनीति योजना और व्यवसाय विकास के प्रमुख डॉ. अशोक कुमार साहू ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। एनएमडीसी मध्य प्रदेश के पन्ना में दक्षिण पूर्व एशिया की एकमात्र मशीनीकृत हीरे की खदान का संचालन करता है। यह खदान प्रति 100 टन संसाधित किम्बरलाइट से लगभग 10 कैरेट हीरे (2 ग्राम) का उत्पादन करती है, जिसे हीरा निकालने के बाद अपशिष्ट के रूप में फेंक दिया जाता है। किम्बरलाइट टेलिंग का उपयोग मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास के लिए किया जाता है और यह कास्टिक मैग्नेशिया का एक अच्छा स्रोत भी माना जाता है। पन्ना डायमंड माइन्स में वर्षों से उपलब्ध और संचित किम्बरलाइट के सर्वोत्तम उपयोग के लिए इस शोध की कमी को पूरा करते हुए, एनएमडीसी ने फ्यूज्ड स्द्धह्र और अद्बह्र2 के प्रसंस्करण और बनाने का अध्ययन करने के लिए अनुसंधान करार किया है। इस परियोजना के बारे में सुमित देब, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने कहा, एनएमडीसी उच्च लागत वाले फ्यूज्ड मैग्नेशिया का उत्पादन करने के लिए एक संसाधन के रूप में हमारे पन्ना माइन्स से किम्बरलाइट टेलिंग का उपयोग करने का प्रयास कर रहा है। हमें विश्वास है कि हमारे प्रयास से अपशिष्ट सम्पदा में परिवर्तित होगा और आयात प्रतिस्थापन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### एनएमडीसी गवर्नेंस नाउ-9 वें पीएसयू अवार्ड्स से सम्मानित



**हैदराबाद, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 16 फ्रवरी 2023 को नई दिल्ली में आयोजित गवर्नेंस नाउ 9 वें पीएसयू अवार्ड्स में पांच पुरस्कार जीते। समारोह में विजेताओं को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा उपस्थिति रहे। गवर्नेंस नाउ पुरस्कार देश के लिए सामाजिक–आर्थिक मूल्यों के सृजन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के मानक स्तरों को बढ़ाने में पीएसयू की प्रतिबद्धता को सम्मानित करते हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब को प्रतिष्ठित पीएसयू लीडरशिप अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया और एनएमडीसी ने सीएसआर लीडरशिप, सीएसआर प्रतिबद्धता (समग्र), मानव संसाधन उत्कृष्टता (समग्र) और राष्ट्र निर्माण के लिए भी पुरस्कार प्राप्त किए। ये सभी पुरस्कार एनएमडीसी की ओर से निदेशक (उत्पादन) डी.के. मोहंती ने प्राप्त किए। उन्होंने कंपनी के प्रयासों को मान्यता देने के लिए गवर्नेंस नाउ की टीम, जूरी सदस्यों और न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा को धन्यवाद दिया और कहा, एनएमडीसी राष्ट्र निर्माण और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सतत रूप से प्रतिबद्ध है। हम समग्र दक्षता के लिए कंपनी की प्रक्रियाओं को उन्नत और मजबूत बनाना जारी रखेंगे। एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा, हम एक साथ मिलकर एक नए भारत के निर्माण की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में एनएमडीसी देश की बेहतर सेवा के लिए तकनीकी कौशल के लिए अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने में अग्रणी रहा है। लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाकर राष्ट्र को सम्मान दिलाने के हमारे ईमानदार प्रयासों को मान्यता प्रदान करने के लिए हम गवर्नेंस नाउ को धन्यवाद देते हैं।

### बस्तर को बर्बाद होने से बचाएंगे किसान : संजय पंत

**गीदम, 19 फरवरी(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश किसान अध्यक्ष संजय पंत ने बस्तर क्षेत्र एवं राज्य के



संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं गुदड़ी के लाल स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था। देश की सीमाओं की रक्षा करता हुआ सिपाही और खेत में खेती करता हुआ किसान ही हकीकत में सच्चा देशभक्त होता है। अंग्रेजों के छक्के छुड़ा देने वाले वीर गुंडाधुर और सभी शहीदों को कोटि–कोटि प्रणाम करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र के समस्त किसानो एवं आदिवासियों के समस्याओं को सुनने के लिए किसान नेता एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का दंतेवाड़ा में 15 व 16 फरवरी को आगमन हुआ था। संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के किसान एवं आदिवासी भाईयों के समस्याओं के समाधान के लिए मुझे भारतीय किसान यूनियन का छत्तीसगढ़ राज्य का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। राज्य के सभी किसान एवं आदिवासी भाइयों को आश्वस्त किया जाता है कि तय समय सीमा के भीतर उनकी सभी समस्याओं का संवैधानिक तरीके से जनता की भावना के अनुसार परिणाम दिया जाएगा। किसानों के सभी प्रकार की फसलों का उचित मूल्य दिलाना और आदिवासियों को उनके संवैधानिक अधिकारों को दिलाना प्राथमिकता होगी। भारत देश की लगभग 60न्न आबादी खेती पर निर्भर है। इसलिए यदि भारत देश को सुपर पावर बनाना है तो इस देश के किसानों को पावरफुल बनाना होगा। वर्तमान में खेती को और अधिक आकर्षक तथा लाभदायक बनाने की जरूरत है। बस्तर क्षेत्र में व्यवसायिक खेती की कमी यहाँ के मूल निवासियों एवं आदिवासियो के पिछड़ेपन का प्रमुख कारण है। सुकमा से सूरजपुर तक मूलवासी एवं आदिवासियो के संवैधानिक अधिकारों को दिलाने के लिए व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### आईटीबीपी ने ग्रामीणों को बांटे जीवन उपयोगी सामग्री



**नारायणपुर, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नारायणपुर जिले में तैनात भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 45वीं बटालियन नारायणपुर जिले में विगत कुछ समय से लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 18 फ्रवरी, 2023 को भानु प्रताप सिंह, कमाण्डेंट 45वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में गुजमेटा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली पंचायतों के अंदरूनी गांव हलामी मुजमेटा, नाउन मुजमेटा, बावडी, गाराबंद बागडोंगरी व काकोडी के लगभग 125 ग्रामीणों को कम्युनिटी किचन के बर्तन वितरित किया गया।

## एक नजर

### महाशिवरात्री में रोहरा परिवार ने किया भंडारे का आयोजन

**गरियाबंद 19 फरवरी।** महाशिवरात्री के अवसर पर नगर के वीरभान दास रोहरा परिवार द्वारा दूर दराज से आए श्रध्दालुओ के लिए भूतेश्वारनाथ मंदिर में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने भंडारा में में सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।भंडारे में हजारो की संख्या में श्रध्दालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह 9 बजे से लेकर शाम सात बजे तक चलता रहा। ज्ञात हो कि यहां कई वर्षो से रोहरा परिवार द्वारा ग्रामीणो के सहयोग से श्रध्दालुओ के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है। हर साल यहां हजारो की संख्या में श्रध्दालुओ निशुल्क भंडारा प्रसाद का लाभ उठाते है। इस आयोजन में वीरभान दास रोहरा, अजय रोहरा परिवार के अलावा गरियाबंद और रायपुर के भी कई व्यापारी सहयोग हेतु शामिल होते है। भंडारा को सफल बनाने में रोहरा परिवार के वीरभान दास रोहरा, प्रकाश रोहरा, जमियत रोहरा, अजय रोहरा, अर्जुन रोहरा, आशीष रोहरा, रायपुर सन एंड सन के आकाश शर्मा, किशोर कुण्डानी, सुनील बजाज, देवेन्द्र अग्रवाल, राजेश गोविंद दानी, बिलासपुर से गोपीचंद अडवानी, राजेश अडवानी, महासमुंद से सुनील राजपाल, अनिल राजपाल, संजय माखीजा सहित कई व्यापारी भी शामिल हुए।

### विवाहिता ने किया फिनाइल सेवन

**भिलाई 19 फरवरी।** महिला थाना में पहुंची एक महिला ने थाना के पीछे बाथरूम में स्वयं को बंद कर फिनाइल का सेवन कर लिया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने एवं 112 की टीम ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक महिला के परिजनों ने पूर्व में महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वंदना देवांगन का विवाह 20 मई 2022 को डोमन देवांगन के साथ हुआ था। शादी के बाद सही ससुराल वाले उसे परेशान करते थे इसके बाद काउंसलिंग में मामला सुलझ गया था। कुछ माह पूर्व वंदना का स्वास्थ्य खराब रहने लगा। उसके सिर में दर्द एवं बेचैनी होने लगी। मानसिक रूप से पीड़ित होने पर उसका इलाज हाईटेक हॉस्पिटल में मनोरोग चिकित्सक के द्वारा किया जा रहा था। 14 फरवरी को भी उसे हाईटेक अस्पताल में भर्ती किया गया था। 17 फरवरी को वह बिना किसी को बताए कहीं चली गई थी उसके पति डोमन देवांगन ने स्मृति नगर चौकी में गुम इंसान की शिकायत दर्ज कराई थी। उसके वापस मिलने पर वह पुराने मामले को लेकर महिला थाना पहुंची थी। पुलिस को महिला के पति ने बताया कि 6 माह पूर्व भी उसने घरेलू विवाद में फिनाइल पी लिया था उसके बाद उसे हाइटेक हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था

### संगी सुर ताल के प्रदेश स्तरीय गायन प्रतियोगिता आज से

**रायपुर 19 फरवरी।** शहर की प्रशिद्ध संगीत संस्था स्वर सप्तक द्वारा आगामी 19 फरवरी से प्रदेश स्तरीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन गुजरे जमाने के जाने -माने छत्तीसगढ़ी फ़िल्म घर-द्वार के निर्माता निर्देशक भनपुरी नरेश स्व.विजय पांडेय जेके फिल्म्स की शानदार प्रस्तुति संगी सुर- ताल के छत्तीसगढ़ी गीत संगीत पर आधारित, गायन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 19 फरवरी से फइनल राउंड 25 को विजेताओ के घोषणा कर साथ समाप्त होगा। स्वर सप्तक संस्था के प्रमुख उदय दास ने जानकारी दी कि सामाजिक एवम सांस्कृतिक संगीत की छेत्र मे नवोदित प्रतिभाओं को मंच देना एवं उनकी संगीत साधना को निखारना व उन्हें सम्मानित करना ही संस्था मुख्य उद्देश्य हैं आगे बताया कि आयोजन का श्रीगणेश 19 फरवरी रविवार को स्थानी प्रेस क्लब से 2 वर्गो में ऑडिशन के माध्यम से प्रतियोगियो का चयन किया जावेगा 2 केटेगरी में में चयन की प्रक्रिया होगी पहली केटेगरी में उम्र सीमा 15 वर्ष एवं 2 केटेगरी में 15 वर्ष सर ऊपर प्रतियोगीओ का सलेक्शन किया जावेगा प्रतियोगिता 3 चरण में आयोजित की जावेगी रायपुर के अलावा राजनादगांव में 22 फरवरी व कोरबा में 25 फरवरी को ऑडिशन होगा ।

# महाशिवरात्रि मे बृजमोहन अग्रवाल ने भूतेश्वरनाथ में किया जलाभिषेक

## प्रदेश की तरक्की, सुख शांति के लिए मांगा आशीर्वाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 19 फरवरी।** मंगलवार को महाशिवरात्री के अवसर पर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री तथा रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उन्होने भगवान शिव का दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कर प्रदेश के तरक्की, सुख शांति तथा खुशहाली का आर्शीवाद मांगा। इस अवसर पर सिरकट्टी आश्रम के महाराज गोवर्धन शरण व्यास ,नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन भी उनके साथ थे। इसके पूर्व उन्होने राजिम कुलेश्वर मंदिर तथा बारूका समीप स्थित कचना ध्रुवा मंदिर में भी पूजा अर्चना की। वही भूतेश्वर नाथ पहुंचने पर समिति अध्यक्ष वीरभान दास, बलेश बिसेन, रमेश मेश्राम, शत्रुघन साहू, विजय साहू सहित समस्त सदस्यों साल श्रीफल भेट कर



उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अग्रवाल ने सभी शिवभक्तो को महाशिवरात्री की शुभकामनायें दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि मरौदा स्थित भूतेश्वरनाथ मंदिर प्रदेश ही नही पूरे देश में एक ख्याति प्राप्त शिवलिंग है। जिनके प्रति लोगो का अटुट विश्वास है और आस्था है। महाशिवरात्री और सावन मास में यहां पहुचने वाली हजारो श्रध्दालुओ की भीड़ स्वंय इसकी महिमा का गुणमान करती है इस अवसर पर क्षेत्र वासियों को एक संदेश देते हुए नहीं कहा कि भगवान शिव का आशीर्वाद के चलते ही गरियाबंद क्षेत्र उन्नत और खुशहाल की ओर अग्रसर हो रहा है । बस्तर में हुए घटना को लेकर पत्रकारों के द्वारा पूछे जाने पर कहा कि दुर्भाग्य है और इसमें सिधे षड्यंत्र नजर आ रहा है इसमें जो भी दोषी हैं सख्त सजा मिलना चाहिए सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट करना अपने आप में ही प्रश्नचिन्ह है। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, विकास साहू, जितेंद्र सोनकर, सागर मयाणी, सोम प्रकाश साहू, प्रह्लाद ठाकुर, जयकिशन अग्रवाल भी उनके साथ पहुँचे थे।

### हर-हर महादेव के जयकारे के साथ हजारो लोगो ने किया जलाभिषेक

**पत्थलगांव।** शिवरात्री के अवसर पर आज सुबह से ही शिवालयो मे श्रद्धालुओ की भीड एकत्रित हो रखी थी,किलकिलेश्वर महादेव मंदिर मे शुक्रवार की रात एक बजे से ही जलाभिषेक करने वालो की कतार लग गयी थी। पुलिस द्वारा शिवरात्री के पर्व को देखते हुऐ व्यापक इंतजामात किये हुऐ थे किलकिलेश्वर धाम के चप्पे-चप्पे मे भारी पुलिस बल तैनात किया गया था,दिन मे बढी भीड को संभालने पुलिस के जवानो का पसीना छूट गया था,शिवरात्री के दिन मंदिर मे ऐतिहासिक भीड देखने को मिली,पूरा मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओ की भीड से खचाखच भरा हुआ था पुलिस द्वारा श्रद्धालुओ को मंदिर तक पहुंचाने के लिए कतारबद्ध तरिके से व्यवस्था की गयी थी। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी अपने हाथो लेते हुऐ भारी पुलिस बल तैनात किया था। किलकिलेश्वर धाम मे भोलेनाथ के दर्शन करने प्रतिवर्ष दूर-दराज से हजारो की संख्या मे श्रद्धालु पहुंचते है मांड नदी के तट पर बसा भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर सन् 1960 के दशक मे निर्मित कराया गया था,तब से आज तक इस मंदिर की ख्याति आस-पास के क्षेत्र मे फैली हुयी है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओ के लिए स्थल धार्मिक स्थान होने के साथ-साथ प्रर्यटन का भी स्थल बन चुका है।



# पुलिस को तस्करों के खिलाफअभियान में फिर मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 19 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक किरणगंगाराम चव्हाण, व ओमचंदेल के कुशलमार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल तोमेश वर्मा के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत पुसपाल थाना प्रभारी मनोज कौशिक के हमराह स्टाफ के द्वारा थाना सामने मेन रोड़ में आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई, इस दौरान ओड़िसा से जगदलपुर की ओर जा रही बिना नंबर के सफेद रंग की नई वैगेनार, मरुतो सुजुकी, कार में सवार 02 व्यक्ति को रोककर तलाशी लेने पर वाहन के अंदर दो प्लास्टिक की बोरियों में सेलो टेप से चिपका हुआ 05 पैकेट में कुल 23,780 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 23,0780



रुपये ( दो लाख तीस हजार सात सौ अस्सी रुपये) आँकी गई, एवं दोनों ही आरोपियों 1. राजेन्द्र गुप्ता, पिता चिरोजी लाल गुप्ता, उम्र 32 वर्ष, जाति गुप्ता, साकिन बछरवार, थाना पेण्ड्रा, जिला गौरेला, मारवाही, पेण्ड्रा (छग.), 2. शंकर लाल राठौर, पिता लालजी राठौर, उम्र 39 वर्ष, जाति राठौड़, साकिन बछरवार, थाना पेण्ड्रा, जिला गौरेला,मारवाही पेण्ड्रा(छग.) दोनों ही आरोपियों के खिलाफ पुसपाल थाना में एनपीडीएस. एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।कार्यवाही में थाना प्रभारी मनोज कौशिक, सउनि गिरधर नाग, आर.क्र. 334 मानसिंह कश्यप, आर.क्र. 1065 किरण साहनी, आर.क्र. 934 हेमंत कुमार शोरी, आर.क्र. 238 ललित यादव, सहाआर. 413 प्रकाश शाहा का विशेष योगदान बना रहा।

### अंतर्राज्यीय उठाईगिरी गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई, 19 फरवरी।** अंतर्राज्यीय उठाईगिरी गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा है। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने पुलिस कण्ट्रोल रूम में संवददाताओं को जानकारी दी कि सीसीटीव्ही फूटेज के माध्यम से आपराधिक गिरोह के सदस्यों की हुयी पहचान कानपुर में लगातार सात दिनों तक पतासाजी करने के उपरांत मिली ।ई-चालान का बहाना बनाकर आरोपी को निकाला गया। आरोपियों के कब्जे से 21 हजार रूपये नगद, एलईडी टीवी, होम थियेटर, बैंक की पासबुक एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकल बरामद किया गया। टीम द्वारा फुटेज के आधार पर अपराधिक उठाईगिरी गिरोह के सदस्यों से मिलान करने पर आरोपियों की पहचान अमर उर्फ पप्पू निवासी दीवानपुर पत्थलगाँव हॉल निवासी हर्ष नगर कानपुर एवं चन्द्रभान नट निवासी खमरोद बुढ़ार के रूप में सुनिश्चित की जा सकी।

### सीपीआई के राज्य सचिव ने किया रक्तदान

**सुकमा 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व विधायक व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड मनीष कुंजाम जी का जन्मदिन के अवसर पर ऑल इंडिया युथ फेडरेशन / ऑल इंडिया स्टूडेन्टस् फेडरेशन के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय मे स्थित भाकपा कार्यालय में रक्तदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीपीआई नेता मनीष कुंजाम जन्मदिन पर सीपीआई कार्यालय पहुंच कर केक काट कर रक्तदान कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामा सोडी , आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष देवा सोडी चाल भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पार्टी के कार्यकर्ता, छात्र सभा, नौजवान सभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे, और सुख,समृध्दि, खुशहाली जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। जन्मदिन के अवसर पर जिला मुख्यालय मे रक्तदान कार्यक्रम मे छात्र ,नौजवान सभा के कार्यकर्ता एंव इच्छूक युवाओ ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया गया। पूर्व विधायक व सीपीआई के राज्य सचिव कामरेड मनीष कुंजाम ने रक्तदान करने पहुंचे सभी सगंठन के कार्यकर्ता,युवाओ को मेरे जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान करने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं व आभार व्यक्त किया और आगे कहा कि रक्तदान महादान है। यह अच्छा दिन होगा की सुकमा जिला अस्पताल में आये दिन अन्दरूनी ग्रामीण क्षेत्रों से क ई प्रकार के बीमारियो वाले आदिवासी, गरीब, वर्ग के मरीज आते है, अधिकांश ब्लड की समस्याएं आते है , क्षेत्र मे समय समय पर घटनाएं होते रहते है। अति आवश्यकताओं पर किसी व्यक्ति के जीवन के लिए महत्वपूर्ण होगा।



# ग्रामीण बच्चों के साथ बड़ो ने भी हर्षोल्लास से मनाई महाशिवरात्रि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 19 फरवरी।** महा शिवरात्रि के शुभ अवसर पर दिनांक 18/02/2023 को 219वी वाहिनी के.रि.पु.बल मुख्यालय, इंजीराम सुकमा में अखण्ड रामायण पाठ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। दिनांक 17/02/2023 को कमाण्डेन्ट श्री नितिन कुमार के कर कमलों द्वारा रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया एवं आज सर्वप्रथम कैम्प मे उपस्थित सभी जवानों द्वारा पूजा अर्चना एवं हवन पूजन कर आस-पास के इलाके में शांति हेतु भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गई। महा शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर बच्चों का कैम्प में आकर के.रि.पु.बल के साथ त्यौहार मनाने से प्रतीत होता



है कि बच्चे एवं उनके परिवारीजन नक्सलियों की झूठी विचारधाराओं से निकल कर विकास एवं नक्सल मुक्त इलाके की कामना रखते है। तत्पश्चात आस-पास के ग्रामीण बच्चों को महाप्रसाद एवं भंडारा जिसमे कि खीर, पूरी, लड्डू बूंदी एवं हलुवे के प्रसाद का वितरण किया गया। बच्चों द्वारा महाप्रसाद का भरपूर आनंद लिया गया। इस अवसर पर श्री नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 219 बटालियन, श्री नीरज कुमार सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी), श्री राजेश कुमार (सहा कमा.), डॉ. लोकेश (चिकित्सा अधिकारी), अधिनस्थ अधिकारीगण एवं 219 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। अंत में कमांडेन्ट महोदय द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हे आश्वस्त किया कि 219 बटालियन के. रि.पु.बल इलाके के विकास एवं शांति बहाली के लिये सदैव तत्पर रहेगी एवं ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यकतायों की पूर्ति हेतु सदैव प्रयासरत रहेगी।

### कबड्डी प्रतियोगिता में पुटपुटा ने मारी बाजी

**कवर्धा 19 फरवरी।** कबीरधाम जिले के थाना कुकदुर अन्तर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम चतरी में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 16 फरवरी से 17 फरवरी तक ग्राम खेल समिति, पुलिस विभाग और ग्रामवासी चतरी, विचारपुर के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्री महेश चंद्रवंशी, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ग्राम चतरी पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम परस्ते पावर पुटपुटा को 31 हजार रुपए, दूसरा स्थान जिला कबड्डी संघ को 21 हजार रुपए, तीसरा स्थान लोहारा लायस को 15 हजार रूपए और चौथा स्थान एमकेकेसी सिंगपुर को 10 हजार रुपए नगद, शील्ड मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने मैन ऑफ द मैच विजेता खिलाड़ी को यातायत जागरुकता के लिए हेलमेट प्रदान किया। सूदूर नक्सल प्रभावित ग्राम चतरी के कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर में पुलिस अधीक्षक के आने से खुशी का महौल था। ग्रामीणों ने श्री महेश चंद्रवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह को अपने बीच पाकर खुश हुए। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी ग्राम वासियों एवं खिलाड़ियों को जानकारी दिया गया कि इस प्रकार का आयोजन जिले के सभी थानों में समय-समय पर कराया जा रहा है। जिसका उदेश्य मात्र एक है कि जनता और पुलिस को आपस में जोडे रखना। ताकि पुलिस से मधुर संबंध स्थापित कर आम लोगो के बीच सरलता से पहुंचा जा सके और शासन प्रशासन के नियमों कि जानकारी जन जन तक पहुंचाई जा सके।



# सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार:उमेश पटेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 19 फरवरी।** उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल कल विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया और नए कार्यो की घोषणा भी की। वे बनहर, गेजामुड़ा और उच्चभिट्ठी के दौरे पर रहे।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल ने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य सभी वर्गो का सर्वांगीण विकास है। कृषि प्रधान राज्य में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ ही हमारे रीति-रिवाज बोली-भाषा, खानपान व सांस्कृतिक गौरव को मुख्यधारा से पुनः जोड़ने का कार्य हो रहा है। किसानों की कर्जमाफी, फसलों के लिए आदान सहायता बोनस जारी कर उपज की सही कीमत देना, भूमिहीन श्रमिकों को सालाना 7 हजार की सहायता राशि, वनोपजों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि जैसे कदमों से ग्रामीणों को आर्थिक सहायता मिली है। गौठानों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके सृजित कर महिलाओं के सशक्तिकरण को बल देना, राजीव युवा मितान क्लब से युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर



नेतृत्व कौशल का विकास, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा की नींव मजबूत कर छात्र प्रतिभाओं के सफलता का मार्ग प्रशस्त करना, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर अधिकारी-कर्मचारी को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के साथ, स्वास्थ्य, सुपोषण जैसे कदमों से सभी वर्गो को राहत मिली है। किसानों को लगातार बोनस की राशि मिल रही है। आज एक क्विंटल धान की 2,640 रुपए कीमत मिल रही है। यह देश में सर्वाधिक है। यह हमारे सरकार की नीतियों का परिणाम है कि आज प्रदेश में कृषि कार्यो को बढ़ावा मिला है। विभिन्न आयोजनों से हमारे खानपान और खेलों को देश विदेशों में पहचान मिली।

इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल ने विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया। ग्राम उच्चभिट्ठी में नवनिर्मित सांस्कृतिक चबूतरे का लोकार्पण करने के साथ ही उन्होंने यहां शेड निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि लगातार गांवों में सीसी रोड, नाली निर्माण, पानी टंकी, सांस्कृतिक चबूतरा के साथ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार अधोसंरचना विकास का कार्य किया जा रहा है। उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल ने इस दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कैंप लगाकर राशन कार्ड बनवाने और उसमें सुधार को लेकर जो आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उसका निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष किरोड़ीमल नगर श्री हरि किशोर चंद्रा, श्री बरन सिंह ठाकुर, श्री दिलीप गुप्ता, मीराबाई चौधरी, एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा, सीईओ जनपद श्री रूपेंद्र पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजिम माघी पुन्नी मेला नाम से फैली संस्कृति की महक, राजिम माघी पुन्नी मेला का आतिशि समापन

# आस्था के केन्द्र को हमारी सरकार विकसित कर रही है:भूपेश

**राजिम 19 फरवरी।** राजिम माघी पुन्नी मेला के समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे पहले श्री राजीव लोचन मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। पश्चात लक्ष्मण झूला में ईरिक्शा चढ़कर सीधे श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने जल डालकर अभिषेक किया और प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। मुख्य महोत्सव मंच पर पहुंचते ही भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पं. अर्जुननयन तिवारी सहित पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चर किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत सम्मान हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी कलाकरों के साथ विदेशी कलाकरों का भी हम अभिनंदन करते हैं ।राजिम माघी पुन्नी मेला की शुरूआत एव समापन दोनों अवसर पर आने का अवसर मिला। लक्ष्मण झूला का पिछले साल लोकार्पण किया था। मेला के बारे में ताम्रध्वज साहू, धनेन्द्र साहू, अमितेष शुक्ल चर्चा करते थे। पहले जिस नाम से यह मेला हो रहा था, उसमें छत्तीसगढ़ी खुशबू नहीं आती थी, परंतु अब संस्कृति की महक बराबर फैल रही है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा रामायण प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले मंडली को 12 हजार पंचायत को 5 हजार पुरस्कार, जनपद स्तर पर 10 हजार, जिला स्तर पर 50 हजार प्रदान किया गया और राज्य स्तर पर हुंए प्रतियोगिता में लाखों रूपए



देकर पुरस्कृत किया गया है। देश में कहीं भी ऐसा आयोजन नहीं होता है, आज सिर्फ छत्तीसगढ़ में हो रहे। आस्था के केन्द्र को विकसित करने का काम हमारी सरकार कर रही है। राजिम पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। नवीन मेला ग्राऊण्ड को विकसित करने का काम कर रहे हैं। कहीं भी भेदभाव हम नहीं कर रहे हैं। सबका बराबर विकास हो रहा है। नृत्य संगीत को सहेजने का काम हो रहे है। गौ माता की सेवा केवल छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है।

**छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया को भूपेश ने किया साकार - ताम्रध्वज साहू :** धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आने वाला साल में 60 एकड़ आरक्षित भूमि पर माघी पुन्नी मेला लगेगा। इसके लिए 100 करोड़ की राशि लगेगा। टेण्डर की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। फोर लेन सहित अनेक काम होंगे। उन्होंने आगे कहा कि राजिम धर्म, आस्था और संस्कृति की भूमि है। पैरी, सोढ़ूर एवं महानदी के संगम में मेला लगता है। हम हर साल नया करने का प्रयास करते हैं। 12 सौ साल पहले कुलेश्वर नाथ महादेव का निर्माण देवी सीता ने किया था। पंचकोशी यात्रा से लेकर अनेक खूबियां इस भूमि की है। रामचंद जी ने सर्वाधिक 10 साल यहां बिताया। राजिम में सर्वाधित राम वनगमन परिपथ के अंतर्गत 19 करोड़ का काम हो रहा है। पहले छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया करते थे, लेकिन बढ़िया नहीं था। बढ़िया भूपेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किया है, जो यहां के संस्कृति, रहन-सहन और खान-पान में जुड़ा है। इसलिए अब छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कह सकते हैं। मेला समापन होने के बाद भी आने वाले चार दिनों तक चलती है, इसलिए प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं यथोचित रहेगी।

**आस्था, विश्वास एवं संस्कृति का समागम है राजिम - अमरजीत भगतः** संस्कृति एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि राजिम आस्था, विश्वास एवं संस्कृति का समागम है। यहां की भव्यता के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। विदेश के भी रामायण यहां हुए हैं। यह सबसे बड़ा उदाहरण है।

**राजिम के प्रति भूपेश का प्रेम और स्नेह स्पष्ट दिख रही है - अमितेषः** राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि स्वयं शिव भगवान मेला में आते हैं और मनोकामना को पूरी करते हैं। श्याम भैया हमेशा विकास की बात करते थे। सिंचाई की सुविधा, सड़कों का जाल पर ज्यादा ध्यान दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार विकास पर ध्यान दे रहे हैं। आने वाले समय में दोबारा मुख्यमंत्री अवश्य बनेगा। दो-तीन महीने में लगातार राजिम आएं हैं, जबकि इतना तो पाटन भी नहीं गए हैं। उनका राजिम के प्रति प्रेम और स्नेह है, जो स्पष्ट दिख रही है।

**गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के नारा को चरितार्थ किया - धनेन्द्र साहू :** अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि महाशिवरात्रि पर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहा हूं। नया सरकार ने चार पिछले चार साल में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के नारा को चरितार्थ किया है। सभी क्षेत्र में पहचान बनाई है। आदमी के हैसियत बदले हैं। किसान से लेकर गौ पालक, भूमिहीन गरीब मजदूर, महिला स्वालम्बन आदि योजनाओं से इतिहास रच रहा है। मुख्यमंत्री जी ने सांस्कृतिक शोषण को दूर किया है। राम के नाम पर वोट की राजनीतिक चल रही थी। हमारी सरकार ने राम पर ही काम करके दिखा दिया। रामायण प्रतियोगिता से राम की कथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मेला में अपार भीड़ रही है, जो यहां के व्यापार व्यवसाय को उन्नति का अवसर दे रहा है। आने वाला साल यहीं पर राजिम माघी पुन्नी मेला फिर से लगेगा।

**नीतीश भारती ने सैंड आर्ट माध्यम से किया प्रदर्शन :** नीतीश भारती द्वारा सैंड आर्ट का प्रदर्शन किया गया, जिसमें गज ग्राहा युद्ध से लेकर उनके उद्धार पश्चात राजा रत्नाकर के द्वारा किए जा रहे यज्ञ में आसुरी शक्तियों के नाश के लिए विष्णु जी का आह्वान किया जाता है। उनके आवाज कान में पड़ते ही जिस अवस्था में थे, श्री हरि प्रगट हो गए और राजा को यहीं रहने का वरदान दिया। इस रेत कला के माध्यम से कांकेर के राजा से लेकर राजीम तेलिन भक्तिन माता के इतिहास को बताया। इस सैंड आर्ट का सीधा प्रसारण हुआ, इससे प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री ने मंच पर ही सम्मातिन किया। जिला कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्रतिवेदन पढ़ा। 15 दिवस तक हुए कार्यक्रमों की झलकियां वीडियों के माध्यम से प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने तीन दिनों तक चले राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में प्रथम ज्ञान गंगा मानस परिवार बचेली दंतेवाड़ा को पांच लाख का चेक एवं स्मृति चिन्हा, प्रमाण पत्र, रामायण ग्रंथ तथा राजकीय गमछे के साथ पुरस्कृत किया गया।

## एक नजर

### चिखली में देवजात्रा का आयोजन



दल्लीराजहरा, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व के पूर्व संध्या पर शुक्रवार को गोंडवाना सर्किल, चिखली द्वारा देवजात्रा का आयोजन रखा गया। सर्वप्रथम पंचायत भवन में मुख्य अतिथियो का आगमन हुआ तथ्य पश्चात बूढ़ादेव और शिव जी की पूजा अर्चना कर देवजात्रा की शुरुवात हुई। इस देव जात्रा में ग्राम चिखली सहित लगभग 10 ग्राम के ग्रामीण शामिल होते है यह देवजात्रा महाशिवरात्रि के पर्व पर हर साल आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम धुर्वे (भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बालोद) व सांसद प्रतिनिधि चिखलाकसा क्षेत्र अध्यक्षता, महेंद्र जुर्री, विशिष्ट अतिथि मनीष ( भाजपा मंडल अध्यक्ष डौण्डी) अजय चौहान (मंडल महामंत्री)संजू मानकर (युवा मोर्चा अध्यक्ष) पवन साहू . (युवा मोर्चा) जागेश्वर रावटे (ग्राम पटेल, चिखली) गोड़वाना सर्किल सचिव सागर गावड़े, समाज के सदस्य व ग्राम के सभी जेष्ठ श्रेष्ठ ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### तिल्दा नेवरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था ने मनाई महाशिवरात्रि



तिल्दा नेवरा, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शिवरात्रि के पवित्र अवसर पर तिल्दा में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन वीणा आडिल जनपद अध्यक्ष, विद्या वर्मा सरपंच, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, संतोष दीवान पूर्व उपसरपंच, और ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिव रात्रि का महत्व बताया गया और शिव बाबा के बारे में बताया ब्रह्मा कुमारी बहिन ने ब्रह्मकुमारी संस्था को पूरे दुनिया में कार्य कर रही है गांव गांव से संस्था से लोग जुड़े है शिव रात्रि का यह दिवस धूमधाम से सभी जगह मनाया जाता है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पहुंचे तिल्दा



तिल्दा नेवरा, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। परमपूज्य ज्योतिषपीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के मुख से सरोरा मे दिसंबर में सप्तदिवसीय कथा का आयोजन होगा। अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मंडल सरोरा के तत्वाधान में ग्राम सरोरा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूज्य ज्योतिष पीठाधिश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेश्वरानन्द सरस्वती महराज दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में कथा का रसपान कराने तिल्दा–नेवरा पधारेंगे।

### गांव-गांव में मनाई गई महाशिवरात्रि



तिल्दा नेवरा, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर में महाशिव रात्रि पर भगवान शिव पार्वती सहित शिव परिवार की पूजा अर्चना कर भव्य अभिषेक किया गया शिव मंदिरों में इस बार भारी भीड़ सुबह से शाम तक देखी गई सिंचाई नेवरा कालोनी तालाब किनारे मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों में हवन पूजा की गई साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

### विभागीय संरक्षण के चलते प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में हो रहा जमकर भ्रष्टाचार

# भ्रष्टाचार के कारण एक वर्ष में ही दरक गई 803.55 लाख की सड़क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 19 फरवरी।** साल भर पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मांझीपारा से बरकानी तक बने पीएम सड़क में भ्रष्टाचार का घुन लग गया है। साल भर पहले बनाये गए इस सड़क में भ्रष्टाचार की दरारें दिखने लगी है। स्थिति यह है कि सड़क में दरारें पड़ने के साथ ही गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। वहीं दरकता सड़क देखकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल उठाना भी शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की माने तो सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता के पैमानों को ताक पर रखकर यह सड़क का निर्माण किया गया था, इसी का नतीजा है कि साल भर में ही सड़क ने जिम्मेदारों के द्वारा किये गए घटिया और गुणवत्ताहीन कार्यो की पोल खोल कर रख दिया। यहां बताना लाजमी होगा कि मांझीपारा से बरकानी तक करीब 13.100 किलोमीटर का सड़क करीब 803.55 लाख की लागत से 10 जनवरी 2022 को पूर्ण किया गया था।



❛ मामले में ज़ब हमने विभाग के सबइंजीनियर सौरभ दास से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि जहाँ सुधार की आवश्यकता होगी वहां सुधार करवा देंगे।

**अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से हो रहा घटिया निर्माण:** घूमरगुड़ा, बरकानी, घोघर और मांझीपारा के ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई विभाग पर आरोप लगाया है कि विभाग के संरक्षण के चलते ठेकेदार इस तरह का घटिया और स्तरहीन काम को अंजाम देकर निकल जाते है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि काम के दौरान भी विभाग के जिम्मेदारों ने कार्यस्थल पर पहुँचकर मटेरियल की गुणवत्ता को जाँचने में कोई रूचि नहीं दिखाया और ना ही काम का निरीक्षण करने पहुँचे। इसी का नतीजा है कि ठेकेदार ने मनमानी करते हुए काम को थूकपालिश तरीके से अंजाम दे दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए अधिकारी कभी कभार पहुंचते थे, वहीं ठेकेदार से चर्चा कर लौट जाते थे। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी के ढुल मुल रवेये के कारण करोड़ों रूपये का यह सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

#### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से करेंगे शिकायत

मामले में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव ने कहा कि मांझीपारा से लेकर बरकानी तक बनाया गया सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जनक ने कहा कि वे ज़ब क्षेत्र के दौरे पर गए थे, उस दौरान उन्हें ग्रामीणों ने सड़क की स्थिति के विषय में अवगत करवाया था। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद जनक ने भी सड़क को देखा था। जनक ने बताया कि सड़क कई जगह दरक गई है और सड़क में डामर के साथ लगाया गया गिट्टी भी उखड़ने लगा है। जनक ने कहा कि मामले में प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में बने पुरे पीएम सड़क की गुणवत्ता की जाँच करवायी जायेगी। उन्होंने कहा कि भूपेश के राज में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा।

# भाजपाइयों ने एनएच पर चक्काजाम कर किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 19 फरवरी।** प्रदेश भाजपा के आह्वान पर बस्तर में हो रहे टारगेट किलिंग के विरोध में भारतीय जनता पार्टी सिमगा मंडल के कार्यकर्ता अनिल पांडे के नेतृत्व में नेशनल हाईवे में 2 घंटे का चक्का जाम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाटापारा विधानसभा के किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि एक तरफ पूरा बस्तर जल रहा है दूसरी तरफ भूपेश बघेल कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी में मस्त है। पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता और बस्तर की जनता इनको कभी माफ नहीं करेगी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को चिन्हांकित करके उनकी हत्या की जा रही है। कार्यक्रम में बिलासपुर से रायपुर जाते हुए प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अरुण साव भी कार्यकर्ताओं के साथ 5 मिनट खड़े होकर चक्का जाम को शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि बस्तर का मैं प्रभारी रहा हूं और बस्तर में नरसंहार हो रहा है जिसका भारतीय जनता पार्टी विरोध करती है। शर्मा ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं की हत्या की गई है वह प्रशासन से सुरक्षा की मांग कर रहे थे पर भूपेश बघेल की गूंगी बहरी सरकार ने किसी को भी सुरक्षा प्रदान नहीं की अगर उन कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर दी जाती तो शायद हत्या नहीं होती। आज इसी के विरोध में हम सब यहां पर चक्का जाम में बैठे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा किसान नेता भाटापारा विधानसभा अनिल पांडे आनंद यादव केजू राम बघेल धीरज जैन अभिजीत अवस्थी सचिन जैन हेम सिंह चौहान आरिफ हुसैन छोटू यादव चंद्रमणि तिवारी ओम शर्मा नारायण निषाद हेमंत साहू परस पाटकर अरुण गौतम राजेश सिंह नीरज शर्मा राहुल ठाकुर सूरज सोनकर पिंटू चतुर्वेदी रोहित साहू चैन सिंह ज्ञान चंद साहू मनोज टोंडे विनोद वर्मा ईश्वर साहू रुकमणी साहू फुल बाई धृतलहरें भागवत वर्मा लिखो निर्मलकर मनोज चौबे और भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा तिल्दा शहर व ग्रामीण मंडल की बैठक में दिया कार्यों को ब्योरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सिमगा, 19 फरवरी।** तिल्दा में शहर भाजपा एव ग्रामीण मंडल की काय्र समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे तिल्दा शहर मंडल में निवासरत सभी भाजपा प्रदेश जिला मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ निर्वाचित जनप्रतिनिधि शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सहसंयोजक को बैठक में विशेष रुप से उपस्थिति होने का आवाहन मंडल के द्वारा किया गया था, बैठक में तिल्दा शहर और ग्रामीण मंडल के अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे ! कार्यक्रम का पंजीयन सुबह 10:00 बजे से आरंभ किया गया एवं कार्यक्रम के शुभारंभ में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम के शुभारंभ राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया जिसके बाद अतिथियों का स्वागत करते हुए बैठक का संचालन बिंदुवार किया गया यह बैठक सुबह से शाम तक एक दिवसीय चला शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू ने अध्यक्षीय वाचन करते हुए अपने मंडल के किए गए कार्यो का उल्लेख किया वही भाजपा तिल्दा शहर के मंडल महामंत्री सौरभ जैन ने भी अपने उद्बोधन में मंडल के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रम का विवरण दिया मंडल कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश एवं जिला के वक्ता मंच पर उपस्थित रहे जिसमें लक्ष्मी वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री रायपुर ग्रामीण, लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक बलोदा बाजार, राम पंजवानी जिला कोषाध्यक्ष, टंकराम वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, अरुणा रानी बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, रुक्मणी वर्मा जिला मंत्री व प्रभारी तिल्दा शहर मण्डल, विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नगरपालिका तिल्दा नेवरा, अनिल सोनी प्रभारी भाजपा मंडल तिल्दा ग्रामीण, राजेश सेतपाल जिला सयोंजक व्यपार प्रकोष्ठ, भाजपा नेता अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री रायपुर ग्रामीण ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सामने कुछ ही दिनों के अंतराल में प्रदेश में चुनाव है।

### नन्हे बच्चों के लिए चिरायु बना वरदान

# चिरायु ने ब्लॉक के 150 से ज्यादा बच्चों को लौटाई मुस्कान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता

**देवभोग, 19 फरवरी।** मुस्कुराता खिलखिलाता मासूम चेहरा किसे नहीं भाता' मां बाप के लिए तो बच्चे की मुस्कान, उसकी खुशी और तरक्की ही सब कुछ होती है। मगर वही बच्चा अगर तकलीफ में हो तो उनका परेशान होना लाजमी है। जिले में हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं को पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहें है। जिसके तहत् जिले में चिरायु योजनान्तर्गत सभी विकासखण्डों के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत देवभोग विकासखण्ड में वर्ष 2014 से लेकर अब तक डेढ़ सौ से ज्यादा बच्चों की स्क्रीनिंग कर उच्च उपचार के लिए भेजा जा चुका है। वहीं पुरे बच्चे ठीक होकर घर पहुँच चुके है, बच्चों के माता-पिता की खुशियां वापस आ चुकी है।

**150 से ज्यादा बच्चों के चेहरे में लौटी मुस्कान:** यहां बताना लाजमी होगा कि चिरायु योजना की ज़ब से शुरुवात हुई है तब से अब तक ब्लॉक के 152 बच्चों के चेहरे में खुशियाँ लौट चुकी है। ज्ञात हो कि स्क्रीनिंग के दौरान देवभोग ब्लॉक के जन्मजात हृदय रोग के 77 बच्चों में हृदय सम्बन्धी रोग की पुष्टि हुई थी। जिस पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 28 बच्चों का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। जबकि ईको जाँच होने के बाद डॉक्टरों के द्वारा हर छह महीने में 33 लोगों को जाँच करवाने की सलाह दी गई है। हृदय विशेषज्ञ ने दावा किया है 33 लोगों को सर्जरी की जरूरत नहीं है।

बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार रेड्डी ने बताया कि जिले में लगातार चिरायु योजना के अंतर्गत जन्मजात हृदयरोग से ग्रसित बच्चे, टेढ़े मेढ़े पैर वाले बच्चे, कटे फटे होठ वाले बच्चे और जन्मजात मोतियाबिंद वाले बच्चों का चिन्हांकन कर निःशुल्क लाभ दिया जा रहा है। बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार रेड्डी ने बताया कि योजनान्तर्गत 0-18 वर्ष के बच्चे (जिनका नाम शासकीय स्कूलों या आंगनबाड़ी में दर्ज हो ) 30 प्रकार की चिन्हांकित बीमारी से पीड़ित है तो चिरायु योजना के अंतर्गत निःशुल्क लाभ ले सकते हैं, और उनका इलाज पूर्णतः निशुल्क है।




**जानिए चिरायु योजना की पूरी जानकारी:** चिरायु योजना के तहत शून्य से 18 साल तक के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जरूरत के अनुसार ऑपरेशन भी रजिस्टर्ड अस्पतालों में मुफ्त में किया जाता है। ये चिह्नांकित स्कूलों और आंगनबाड़ी में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर तत्काल इलाज करते हैं। ऑपरेशन वाले बच्चों को बड़े व पंजीकृत अस्पतालों में भेजते हैं। एनएचएम के तहत संचालित योजना में आंगनबाड़ी के बच्चों का साल में दो बार और स्कूली बच्चों का साल में एक बार स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। देवभोग ब्लॉक में दो चिरायु दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में एक महिला व एक पुरुष आयुष चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट एवं एक एएनएम है। ब्लॉक में चिरायु में टीम बी के प्रमुख के रूप में डॉक्टर सूर्यकांत साहू मेडिकल ऑफिसर के रूप में कार्यरत है, तो वहीं टीम ए में डॉक्टर केशव सोनी कार्य कर रहे है।

**जन्मजात मोतियाबिंद के 17 बच्चों की परेशानी हुई दूर:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के बीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार रेड्डी ने बताया कि देवभोग ब्लॉक में वर्ष 2014 से अब तक जन्मजात मोतियाबिंद के 23 केस सामने आये है, जिनमें 17 का सफल सर्जरी किया जा चुका है, जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ ने 6 को सर्जरी की जरूरत नहीं होना बताया है। इसी क्रम में कटे फटे होठ के 23 केस मिले है, जिनमें 16 का सर्जरी किया जा चुका है, जबकि 4 बच्चों को सर्जरी की जरूरत नहीं होना बताया गया है। इसी तरह टेढ़े मेढ़े पैर के 29 मामले देवभोग ब्लॉक में मिले है, जिनमें 22 का सफल सर्जरी किया जा चुका है, जबकि 7 बच्चों को जाँच के दौरान सर्जरी की आवश्यकता नहीं होना बताया गया है।

## समाचार संक्षेप

### माह के पहले व तीसरे रविवार को मंदिर चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ व हर रविवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ देंगे सेवाएं

**डोंगरगढ़, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ महोबे एमबीबीएस एमडी पहले और तीसरे रविवार दोपहर 3 :00 से 6 :00 बजे तक अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल महाकालकर एमबीबीएस डी आर्थो प्रत्येक रविवार प्रातः 10 :00 से 1 :00 बजे तक एवं नेत्र सहायकों द्वारा नेत्र जांच प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 :00 से 12 :00 बजे तक सेवाएं दी जाती है। रविवार 19 फ़रवरी को उपरोक्त दोनों डॉक्टरों द्वारा मंदिर अस्पताल में सेवाएं प्रदान की जावेगी। बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा समस्त नागरिक गणों से उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने अपील की गई है।

### इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, नवा रायपुर में प्रवेश प्रारंभ



**बलौदाबाजार, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग के अधीन संचालित एक शासकीय होटल प्रबंधन संस्थान है। होटल प्रबंधन के विषयों पर शिक्षा प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम एवं एकमात्र इंस्टीट्यूट ऑफहोटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाई न्यूट्रीशन, नवा रायपुर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, नवा रायपुर नेशनल कॉउन्सिल फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड केटरिंग टेक्नालॉजी, नोएडा (उ.प्र.) से मान्यता प्राप्त होटल प्रबंध संस्थान है। इसमें होटल प्रबंधन के 03 वर्षीय पाठ्यक्रम के साथ ही 04 वर्षीय पाठ्यक्रम के विकल्प के साथ स्नातक पाठ्यक्रम संचालित है। इंस्टीट्यूट में होटल प्रबंधन के स्नातक पाठ्यक्रम के साथ ही 01 वर्ष 06 माह के डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एण्ड बेवरेज सिर्विसेस, डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन्स) संचालित किए जा रहे हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किसी भी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता नहीं है। उपरोक्तानुसार बी.एससी. डिग्री प्रदान करने के लिए इस कार्यक्रम को जे.एन.यू. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस कार्यक्रम के पास आउट छात्रों को जे.एन.यू. की डिग्री प्रदान की जाएगी। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जे.एन.यू.) नई दिल्ली को भारत में विश्वविद्यालय श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त है।

### चंद्रगिरी तीर्थ में दो दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**डोंगरगढ़, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैन तीर्थ चंद्रगिरी क्षेत्र में आचार्य विद्यासागर महाराज ससंघ विराजमान है मानव शरीर की भारतीय चिकित्सा प्रणाली जो कि आयुर्वेद है। जिसे हजारों वर्ष पूर्व ऋषि मुनि आचार्यों ने पूरे विश्व को शास्त्रों के माध्यम से अवगत कराया है। जिसके कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है। पूरी तरह प्राकृतिक वनस्पतियों से प्राप्त औषधियां शरीर को नया जीवन प्रदान करती है। आचार्य की भावना के अनुरूप जबलपुर में पूर्णायु नाम से विशाल आयुर्वेद अस्पताल व महाविद्यालय खोला गया है इसी तरह पीड़ित मानव सेवा की भावना से चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में 18 फ़रवरी शनिवार से दो दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद शिविर रखा गया है। जिसमें वैधों द्वारा परीक्षण कर 8 दिन की दवाई मुफ्त प्रदान की जाएगी। शिविर में प्रसिद्ध वैधराज हरीशंकर जोशी महेश गंजीर लक्ष्मण जी वैध दीप्ति बंडा व टिकल नागपुर द्वारा निशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी आयोजन कमेटी ने सभी नागरिकों से स्वास्थ्य लाभ प्राप्ति हेतु शिविर में आने की अपील की है। इस शिविर में काढ़ा औषधि आदि से चर्मरोग बुखार चिकनगुनिया लकवा मिर्गी पेट के रोग लीवर थायराइड जोड़ों कमर दर्द घुटना दर्द मूत्र रोग सर्दी जुकाम माइग्रेन ह्रदय रोग गठियावात चक्कर थकान मस्तिष्क रोग का सफल इलाज किया जाएगा चंद्रगिरी तीर्थ कमेटी ने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### पूर्व बगीचा स्टेट स्कूल का जीर्णोद्धार कर बगीचे की सुध भी ली जाएगी

**राजनांदगांव, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर, पूर्व में राजाओं का शहर था, जहाँ शहर का अस्तित्व बाग– बगीचों से ही अपनी पहचान बनाया हुआ था जैसे :– लाल बाग, बल्देव बाग, भूलन बाग, जिससे शहर में पर्यावरण बहुत ही स्वास्थ्य वर्धक था जहाँ अनेक प्रजाति के प सुबह– शाम बगीचों में एक मनमोहक एवं सुरीली अपनी तान से समस्त शहरवासियों का दिल जीत लिया करते थे। वर्तमान में शहर आबादी अनुपात बाग–बगीचों की कमी है। शहर में स्टेट हायर सेकेंडरी स्कूल हैं जहाँ अनेक छात्र–छात्राऐ अध्ययन करने आते हैं। जहाँ प्रिसिपल महोदय के कार्यालय के समीप बगीचें का परिसर हैं जो कि जीर्ण अवस्था में हैं। वर्षो पूर्व इस स्कूल में एक विषय बागवानी का होता था। जहाँ अनेक छात्रों ने बागवानी से ज्ञान प्राप्त कर देश – प्रदेश व समाज के लिए कृषि विज्ञान के लिए अपनी सोच बनाई थी प्रार्थी भी इसी स्कूल से बागवानी विषय लेकर अध्ययन किया था। इस स्कूल के समीप तहसील कार्यालय एवं लॉ कॉलेज हैं। इस बगीचे की बाऊड्रीं दिवाल का निर्माण अति आवश्यक हैं तथा बगीचें में पौधों को जल दिया जा सकें। उसके लिए बोरिंग भी आवश्यक है एवं एक जल कुंड भी बनाया जाये। हमारी नगर निगम की महापोर ने नगर मेंअनेक बगीचों की देख भाल व सुध ली है। समस्त छात्र–छात्राओं, तहसील वासियों एवं लॉ कॉलेज के छात्रों के हित में इसका जीर्णोद्धार किया जाये, इस विषय को प्रार्थी ने मौखिक आयुक्त महोदय एवं महापोर महोदया को भी विनम्र अवगत करा दिया गया था, जहाँ से उनकी सकारात्मक सहमति भी मिली थी। इस पत्र को मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर सौपा गया था। यह जानकारी गुरमीत सिंह भाटिया पूर्व सैनिक ने दी।

### बाल-विवाह रोकथाम के लिए विवाह पंजीयन कराना अनिवार्य

**बलौदाबाजार, 19 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में बाल विवाह के रोकथाम एवं विवाह का पंजीयन कराना अनिवार्य है। वर्तमान समय में विवाह के लग्न तथा 30 मार्च 2023 को रामनवमी एवं 22 अप्रैल 2023 को अक्षय तृतीय पर बडी संख्या में विवाह का आयोजन होता है। बंसल ने समय–सीमा की बैठक में सभी संबंधित मैदानी अमलों को निर्देशित किया गया है कि विवाह की आयु लड़की 18 वर्ष एवं लड़का हेतु 21 वर्ष होना अनिवार्य है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम विवाह रोकने हेतु तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह होने पर संबंधित को समझाईश देने के बाद भी यदि विवाह नही रोकने पर शादी कराने वाले पुरोहित तथा सम्मिलित लोगो पर बाल विवाह अधिनियम के प्रावधान अनुसार 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1 लाख का दण्ड या दोनों हो सकता है। बाल विवाह रोकने, प्रचार प्रसार मुनादी कराने का भी निर्देश दिए गए है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष में कुल 12 बाल विवाह रोका गया था। इस तरह की सामाजिक कुरीतियों को रोकने हेतु मैदानी अमलों को सख्त निर्देश दिया गया है।





# परखना हो मुझे तो मेरे पास चले आना यहां वहां की खबरें तुम्हें गुमराह कर देंगी




यदि नेहरू का नाम लेना शर्मिंदगी और अपराध है तो इसके लिये आज की परिभाषा में कई लोगों को अपराधी ठहराया जा सकता है..? नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने एक बार कहा था किज भारत में महात्मा गाँधी के बाद दूसरा सबसे लोकप्रिय कोई है तो वह जवाहर लाल नेहरूज और युवाओं में तो गांधी से अधिक लोकप्रिय हैं। शहीद भगतसिंह ने कहा था कि इस समय हिंदुस्तान में जो नेता उभरकर सामने आए हैं वे सुभाष चंद्र बोस और पंडित जवाहर लाल नेहरू दोनों आजादी के कट्टर समर्थक हैं। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन ने कहा था कि नेहरू,दुनिया के महान पुरुषों में एक हैं। सरदार पटेल ने कहा था कि राष्ट्र के आदर्श, जनता के नेता, देश के प्रधानमंत्रीऔरआमजनों के नायक के रूप में उनकी महान उपलब्धि एक खुली किताब जैसी है। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने कहा था कि जवाहर लाल बड़े स्नेहशील और उदार हृदय के व्यक्ति हैं तथा व्यक्तिगत ईर्ष्या-द्वेष के लिये उनके मन में कोई जगह नहीं है..। महान आइंस्टीन भी नेहरू की लेखकीय कौशल के मुरीद थे। शायर फ़िराक गोरखपुरी ने एक बार कहा था कि...

*तुम मुख़ातिब हो,करीब भी,*
*तुमको देखें कि तुमसे बातें करें..*

साहित्यकार रामधारी सिँह दिनकर ने तो लोकदेव नेहरू के नाम से पूरी किताब ही लिख दीज क्या सभी ने अपराध किया थाज.? दरअसल एक बार पीएम मोदी का परिचय ही अमेरिकी सीनेट के.स्टेनिहोयर ने यह कहकर कराया था कि आप गाँधी-नेहरू के देश से आए हैं?अब रही बात नेहरू के सरनेम की तो नेहरू की एक ही बेटी थी इंदिरा गाँधी, उनके बेटे राजीव गाँधी के बेटे राहुल गाँधी और प्रियंकाज राहुल ने विवाह नहीं किया है, प्रियंका के बच्चे मिराया और राहान बढ़रा सरनेम लिखते हैं.. आखिर नाना या परनाना का सरनेम कोई कैसे ले सकता हैज यह सवाल और शर्मिंदगी की बात भारत की उच्च सदन में उठाना ही बेतुका है।

### ब्राह्मण कहां जिम्मेदार हैं भागवत साहब...?




संघ के सर्वेसर्वा मोहन भागवत ने हाल ही में कहा है कि जाति भगवान ने नहीं बल्कि पंडितों ने बनाया है? वे शायद भूल गये कि भगवान श्रीकृष्ण ने खुद भागवत गीता में कहा हैज

*चातुर्वर्ण्य मया सृष्टँ गुणकर्मविभागश:।*
*तस्य कर्तारमपि मां विद्धय कर्तारमव्ययम।।(4/13)*

अर्थातज हे अर्जुन ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रज इन चार वर्णों का समूह, गुण और कर्मों के विभागपूर्वक मेरे द्वारा ही रचे गये हैं। इस प्रकार सृष्टि -रचानदि कर्म का कर्ता होने पर भी मुझे अविनाशी परमेश्वर को तु वास्तव में अकर्ता ही जानज गीता के रचयिता वेदव्यास खुद गैरब्राम्हण हैं। इसलिए पंडितों को दोष देना उचित नहीं है।

### जस्टिस नजीर की ताज़पोशी...



आंध्र प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल,जस्टिस अब्दुल नजीर अयोध्या समेत कई अहम फैसलों का हिस्सा रहे हैं। उनके खाते में ट्रिपल तलाक मामला, अयोध्या-बाबरी मस्जिद विवाद मामला, नोटबंदी और निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार आदि मामले शामिल हैं।सेवानिवृत होने के कुछ दिनों बाद ही उनकी राज्यपाल के रूप में ताजपोशी पर अब सवाल उठने लगे हैं?

### भारत का मीडिया और सरकारी छापा...

न्यूज़ क्लिक पर 114 घंटे तक ईडी का छापा, फ़िर आयकर का छापा, भारत समाचार पर आयकर छापा, दैनिक भास्कर पर आयकर का छापा, एनडीटीवी पर आयकर का छापा, द क्विंट पर आयकर का छापा, द वायर पर मुकदमा, एचडब्ल्यूएल न्यूज पर आयकर का छापा,बीबीसी पर आयकर का छापा, स्वर्गीय विनोद दुआ पर देशद्रोह का मामला,अभिसार शर्मा पर 14 करोड़ के चोरी का मुकदमा,अभिसार शर्मा, पुण्य प्रसून बाजपेई, मिलिंद खांडेकर, रवीश कुमार,अजित अंजुम की नौकरी छीन लेनाज? यह सभी मीडिया संस्थान और पत्रकार हैं जो सरकार से सवाल पूछने पर प्रताड़ित और परेशान किये गये है?

### रमेश बैस का बना है नया रिकार्ड...



रमेश बैस ने नगर निगम रायपुर के ब्राम्हण पारा वार्ड मेंबर चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी शुरू की, फ़िर मंदिर हसोद के विधायक बने,उसके बाद रायपुर लोकसभा से 7 बार सांसद बनते रहे, अटल बिहारी मंत्रिमण्डल के हिस्सा बने, बाद में त्रिपुरा,झारखण्ड के बाद अब महाराष्ट्र के राज्यपाल बने हैं.. उनके राजनीतिक सफ़र का मै बतौर पत्रकार भी साक्षी रहा हूँज उनके राज्यपाल बनने के बाद जरुर मुलाक़ातें कम हुईज पर ज़ब भी उनसे मुलाक़ात हुई तो मुझे ऐसा नहीं लगा कि किसी लाट साहब (राज्यपाल)से मिल रहा हूँज्वहीं रमेश भाई लगे जो पहले लगते थे... दिग्गज कांग्रेसी पूर्व मुख्य मंत्री श्यामाचरण शुक्ला,पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, वर्तमान सीएम छ्ग भूपेश बघेल, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू आदि को लोकसभा में पराजित करने वाले रमेश बैस, 3 राज्यों के राज्यपाल बनने का रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं।वैसे इनके पहले छ्ग के मोतीलाल वोरा ही राज्यपाल रह चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ के नये राज्यपाल बीबी हरिचंदन...



आंध्रप्रदेश के 4 साल से राज्यपाल रह चुके बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल बनाया गया है। वे अनसुईया उइके की जगह अगले सप्ताह लेंगे।बिस्वा भूषण ओड़िशा के रहने वाले हैं।ओड़िशा छत्तीसगढ़ का पड़ोसी राज्य है।दोनों राज्यों के सांस्कृतिक समानता है. इस लिहाज से ओड़िशा के बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनाया जाना कई मायनों में खास है। बिस्वा भूषण हरिचंदन का जन्म एक साहित्यकार नाटककार स्वतंत्रता सेनानी के घर में 3 अगस्त 1934 में हुआ है. पिता परशुराम हरिचंदन ओड़िशा के साहित्यकार थे।बिस्वा भूषण का जन्म ओड़िशा के खोरधा जिले में हुआ है। बिस्वा ने जगन्नाथ पुरी से अर्थशास्त्र में ओनर्स, कटक से एलएलबी की डिग्री ली है। इसके बाद बिस्वा ने 1962 में उच्च न्यायालय में वकालत भी की और 1971 में भारतीय जनसंघ में शामिल हुए। बिस्वा भूषण हरिचंदन ऐतिहासिक जेपी आंदोलन में शामिल हुए थे इसके लिए उन्हें एमरजेंसी के दौरान कई महीनों तक जेल में रहना पड़ा था। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन एक्शन कमेटी के अध्यक्ष के रूप में 1974 में सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के अधिक्रमण के खिलाफ ओडिशा में वकीलों के आंदोलन का उन्होंने नेतृत्व किया। इसके बाद बिस्वा भूषण राजनीति से जुड़ गए। अब तक बिस्वा ओडिशा में 5 बार विधानसभा के चुने जा चुके हैं. 1977, 1990, 1996, 2000 और 2004 में उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की है।ओड़िशा में भाजपा के संस्थापक रहे हैं।इसके अलावा हरिचंदन ने अपने काबिलियत के दाम पर ओड़िशा सरकार में 4 बार मंत्री पद पर बने रहे। हरिचंदन ने राजस्व, कानून, ग्रामीण विकास, उद्योग, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, श्रम और रोजगार, आवास, सांस्कृतिक, मत्स्य पालन और पशु विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों में जिम्मेदारी संभाली है।बिस्वा भूषण हरिचंदन 1980 में ओड़िशा राज्य के भाजपा के संस्थापक थे। इसके बाद 1988 तक तीन और कार्यकाल के लिए उन्हें अध्यक्ष चुना गया था. इसके अलावा 13 साल तक यानी 1996 से 2009 तक ओड़िशा विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता भी रहे है।

### और अब बस...

» छत्तीसगढ़ के चार साल के भूपेश बघेल के कार्यकाल में तीसरे राज्यपाल की नियुक्ति की गई है।
» बस्तर इस बार भी विस चुनाव में सत्ता की चाबी बनने वाला है।
» क्या इस बार लोकसभा चुनाव में फ़िर भाजपा सभी सांसदों की टिकट काटेगा?

## एक नजर

### भोले बाबा की बारात में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा

**रायपुर, 19 फरवरी।** कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री हर नीलकंठेश्वर धाम, मठपुरैना पहुँच शिवलिंग का अभिषेक कर पूजा अर्चना किये। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली का कामना किये। इसके साथ ही भोले बाबा के बारात में स्वयं बाजा बजाते एवं झूमते हुए नजर आए।

### रायपुर में आईपीएल एक भी मैच नहीं होने से प्रशंसक नाराज

**रायपुर, 19 फरवरी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग का शेड्यूल जारी कर दिया है. इसके साथ ही गुवाहाटी इस वर्ष अप्रैल में पहली बार मैचों की मेजबानी करेगा.राजस्थान रॉयल्स के दो घरेलू मैचों की मेजबानी पूर्वोत्तर के इस सिटी को सौंपी. इससे नागपुर और रायपुर के डायहार्ट क्रिकेट फैंस को बड़ा झटका लगा है. हाल के महीनों में नागपुर और रायपुर अंतरराष्ट्रीय मैचों का सफल आयोजन किया है और यहां के प्रशंसकों को उम्मीद थी कि आईपीएल के 16वें सत्र के कुछ मैच उनके सिटी में आयोजित किए जाएंगे। असम क्रिकेट संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीतम महानता ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी जबकि दूसरे मैच में उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा. उन्होंने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गुवाहाटी का एसीए स्टेडियम 5 अप्रैल और 8 अप्रैल 2023 को टाटा 023 के दो मैचों की मेजबानी करेगा. गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का घरेलू मैदान होगा. टीम बचे हुए घरेलू मैच जयपुर में खेलेगी. गुवाहाटी को 2020 में भी राजस्थान रॉयल्स के दो मैच दिए गए थे, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इन्हें रद्द करना पड़ा था।

# जोरा में आयोजित जनसभा को सफल बनाने के दिए निर्देश

## सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने ली बैठक, सभास्थल में लगेंगे महापुरुषों के चित्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 19 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर आज कांग्रेस के कंट्रोल रूम में महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें 26 फरवरी को जोरा में होने वाली आमसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने पर चर्चा हुई। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव वेणुगोपाल 21 फरवरी को राजधानी पहुंच जाएंगे। यहां पर वे सभी तैयारियों का जायजा लेंगे।

कांग्रेस भवन से मिली जानकारी के अनुसार सभा आयोजन समिति के मुखिया सत्यनारायण शर्मा ने आज रायपुर से लगे ग्राम जोरा में 26 फरवरी को होने वाली आमसभा के लिए सभी पदाधिकारियों से आवश्यक विचार-विमर्श किया। इस कमेटी में अनेक पदाधिकारी शामिल हुए। राजधानी रायपुर से लगे विधानसभा क्षेत्र आरंग, अभनपुर, धरसींवा, ग्रामीण-शहर, भिलाई, दुर्ग तथा महासमुंद और बलौदाबाजार से भी कार्यकर्ताओं को लाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए वाहनों की पृथक से व्यवस्था की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कांग्रेस कमेटी की शीर्ष इकाई के पदाधिकारी भी रायपुर पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय महामंत्री वेणुगोपाल यहां आ रहे हैं। जबकि छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा आज शाम पहुंच जाएंगी। राजीव भवन में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जो कि सभी तैयारियों के संबंध में बैठकें ले रहा है। अलग-अलग समितियों में अलग-अलग लोगों को रखा गया है। सभा स्थल नया रायपुर में कैटरिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। एक निजी होटल वाले को यह ठेका दिया गया है। सभी स्थानों पर अलग-अलग खाने-पीने की व्यवस्था रहेगी। राजधानी के सभी धर्मशाला, होटलों एवं आरडीए व हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट्स बुक कर दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया, मोहम्मद अकबर एवं अन्य पदाधिकारी निरंतर बैठकें ले रहे हैं। वीआईपी रोड से लेकर सभा स्थल तक आकर्षक साज-सज्जा की गई है। सभा स्थल पर सभी वरिष्ठ एवं पूर्व प्रधानमंत्रियों के चित्र लगाए गए हैं।

## 20 को कैबिनेट में बजट को मिलेगी मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 19 फरवरी।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 20 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। बैठक में वर्ष 2023-24 के बजट को मंजूरी दी जाएगी। इसके पश्चात इसे प्रकाशन के लिए भेज दिया जाएगा। सरकार द्वारा कई विधेयक भी सत्र के दौरान रखे जाएंगे।

मुख्यमंत्री सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य मंत्री परिषद की आवश्यक बैठक कल 20 फरवरी को हो रही है। बैठक में राज्य के बजट विधेयकों एवं अन्य विषयों पर चर्चा होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि वित्त विभाग के भारसाधक मंत्री हैं वे मार्च के प्रथम सप्ताह से होने वाले बजट सत्र में वर्ष 2023-24 का बजट रखेंगे। यह वर्ष चुनावी वर्ष है इसलिए लोगों को अनेक सौगातें दी जाएगी। बजट में बेरोजगारी भत्ता एवं निराश्रित पेंशन सहित अनेक योजनाओं में वृद्धि की घोषणा की जाएगी। महिलाओं को रजिस्ट्री में छूट देने तथा अन्य कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है।

राज्य का बजट अधोसंरचना को विकास देने वाला होगा। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत अधिक से अधिक राशि लेने का प्रावधान किया जाएगा। राज्य को इस समय अनेक आर्थिक संकटों से जूझना पड़ रहा है। वर्ष 2023-24 का बजट एक लाख करोड़ के आसपास का होगा। बढ़ती महंगाई के कारण इसके आकार में वृद्धि हो सकती है। केंद्र सरकार एफआरबीएम पॉलिसी के कारण सरकार द्वारा बड़ी मात्रा में ऋण लिया गया है जिसके कारण वित्तीय बोझ भी बढ़ते जा रहा है। इधर कर्मचारी संगठन भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करने की मानसिकता बना रहे हैं।

### कबाड़ी दुकान पर पुलिस का छापा

## आरोपियो से स्पंज आयरन, सेंटरिंग प्लेट, आयरन पैलेट, सरिया बरामद



**रायपुर, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के कबाड़ियों व यार्ड संचालकों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चला कर कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपितों से स्पंज आयरन, सेंटरिंग प्लेट, आयरन पैलेट, सरिया बरामद किया गया है।

जब्त किए माल की कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है। चोरी को रोकने और चोरी के सामानों की बिक्री पर रोकथाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। चोरी का सामान खरीदने व बेचते पाए जाने पर पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चेल भेजा गया। वहीं सभी कबाड़ियों व यार्ड संचालकों को चोरी का माल नहीं खरीदने और ऐसा माल बेचने वालों की तत्काल पुलिस में शिकायत करने की हिदायत दी गई है।

एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अवैध कबाड़ के कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और जिले के थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल की अलग-अलग टीमों ने गुरुवार को थाना उरला एवं धरसींवा संचालित कबाड़ियों के यार्ड एवं अन्य स्थानों में रेड कार्रवाई की।

जिनसे अवैध रूप से रखे कबाड़ व चोरी की अन्य सामग्री जब्त की गई। थाना उरला क्षेत्र में कबाड़ी शाहिद के यार्ड सहित अन्य दो स्थान पीबी ढ़ाबा के बाजू 06 लाइन रोड और रिंग रोड नं. तीन वालिया यार्ड रोड के पास अवैध रूप से वाहन में रखें लोहे के कबाड़, सरिया कुल वजन वाहन सहित वजनी करीबन 10 टन जब्त किया गया।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल: एजुकेशन फ्रेंडली माहौल में बच्चों को मिल रहा निखरने का मौका

# गरीबी नहीं बन रही बाधा, मिल रही बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा



**रायपुर, 19 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बन रहा है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई अंग्रेजी स्कूलों की श्रृंखला से जिला मुख्यालयों और विकासखंड स्तर पर बड़ी संख्या में गरीब और कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। बहुत ही कम समय में इन स्कूलों में लोकप्रियता हासिल कर ली है। राज्य सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिन्दी माध्यम के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में विश्व स्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं।

प्रदेश में 247 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और हिंदी माध्यम के 32 स्कूल संचालित हैं, वहीं आगामी शिक्षण सत्र से 422 स्कूलों का संचालन किया जाना भी प्रस्तावित है। नये प्रस्तावित स्कूलों में सरगुजा और बस्तर संभाग के 252 स्कूल शामिल होंगे, ताकि सुदूर अंचलों एवं पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर सके। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की सफलता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र से अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया है।

स्वामी आत्मानंद स्कूलों की लोकप्रियता का अंदाजा मुख्यमंत्री के भेंट-मुलाकात कार्यक्रमों के दौरान इन स्कूलों की मांग और इन स्कूलों में पढ़ने वाले फर्राटेदार अंग्रेजी से लगाया जा सकता है। इन स्कूलों के प्रारंभ होने से गरीब और कमजोर तबके के प्रतिभावान बच्चों के पालकों को निजी स्कूलों की महंगी फीस से काफी राहत मिली है। इन स्कूलों में नाममात्र की फीस पर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा के साथ-साथ् विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल रहा है।

राज्य सरकार द्वारा इन स्कूलों को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान छात्रों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में अन्य राज्यों के विद्यार्थियों से पीछे न रहे। सभी अंगेजी माध्यम और हिन्दी माध्यम स्कूलों में सीबीएससी का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 03 जुलाई 2020 को प्रदेश में स्वामी आत्मानंद स्कूल की सबसे पहले शुरूआत हुई थी। योजना के अंतर्गत प्रारंभ हुए 247 स्कूलों में लगभग ढ़ाई लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। इन स्कूलों में अत्याधुनिक लाइब्रेरी, लैंग्वेज लैब, कम्प्यूटर और साइंस लैब के साथ ही टेनिस और बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों की सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23